# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, शुक्रवार
25 अप्रैल 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 56 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


# 'दुश्मनों ने देश की आत्मा पर हमला किया आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे'

## बिहार से पीएम मोदी की हुंकार

पटना। मोदी ने कहा इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। कोई बांग्ला बोलता था, कोई मराठी था, कोई गुजराती था, कोई ओड़िया था, कोई बिहार का लाल था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में है। बिहार में उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। हालांकि, पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए वहां मौजूद लोगों से पहलगाम आतंकी हमले में जान गवांने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने की अपील की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपने दोनों हाथ जोड़ रखे थे। मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से आतंकवादियों ने मारा है, उससे पूरा देश गुस्से में है। पीड़ित परिवारों के साथ पूरा देश खड़ा है।

मोदी ने कहा इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। कोई बांग्ला बोलता था, कोई मराठी था, कोई गुजराती था, कोई ओडिया था, कोई बिहार का लाल था। आज सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक दुख और आक्रोश एक जैसा है। उन्होंने कहा कि हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकवादियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिल कर रहेगी। अब आतंकियों की बची-कुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति आतंकवादियों की कमर तोड़ कर रहेगी।

**शेष पेज 2 पर**

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले अमित शाह और जयशंकर

**नई दिल्ली** । जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आज केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे, वहीं कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बैठक की अध्यक्षता करें। इस बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की है। सर्वदलीय बैठक से पहले अमित शाह और विदेश मंत्री जयशंकर इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनको पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी दी है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र का एक्शन- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने कई अहम फैसले लिए हैं।

**शेष पेज 2 पर**

# पहलगाम हमले के बाद वायुसेना का 'आक्रमण' शुरू

नई दिल्ली । पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच भारतीय वायुसेना बड़ा युद्धाभ्यास कर रही है। इस युद्धाभ्यास में पायलट पहाड़ी और जमीनी दोनों ही लक्ष्यों पर हमला करने के मिशन को अंजाम दे रहे हैं।



पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच भारतीय वायुसेना ने बड़ा युद्धाभ्यास शुरू कर दियाहै। वायुसेना ने इस अभ्यास का नाम 'आक्रमण' रखा गया है। वायुसेना के इस युद्धाभ्यास में मुख्य लड़ाकू विमानों की टुकड़ियां हिस्सा ले रही हैं। इसमें सबसे आगे राफेल लड़ाकू विमान हैं। भारतीय वायुसेना के पास राफेल विमानों की दो स्क्वाड्रन हैं, जो अंबाला (हरियाणा) और हाशिमारा (पश्चिम बंगाल) में तैनात हैं।

इस युद्धाभ्यास में पायलट पहाड़ी और जमीनी दोनों ही लक्ष्यों पर हमला करने के मिशन को अंजाम दे रहे हैं।

**शेष पेज 2 पर**

## जयपुर से वाशिंगटन के लिए रवाना हुए अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस, सिटी पैलेस का दौरा रद्द



जयपुर। जेडी वेंस ने पहलगाम आतंकी हमले की उन्होंने कड़ी निंदा की और अमेरिका की ओर से भारत को आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। यह दौरा राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से भारत-अमेरिका संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ चार दिवसीय यात्रा के बाद गुरुवार सुबह वाशिंगटन के लिए रवाना हो गए। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उन्होंने वाशिंगटन के लिए विशेष विमान से उड़ान भरी। **शेष पेज 2 पर**

# 'हमें कड़ा बदला चाहिए...'

## सीएम से मिलकर फूट-फूटकर रोई ऐशान्या, मुख्यमंत्री से की मांग



कानपुर। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम का आज राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होगा। हाथीपुर गांव स्थित घर से ड्योढ़ी घाट शव जाएगा। वहीं, सीएम योगी ने शोकाकुल परिजनों से मिलने

पहलगाम हमले में आतंकियों की गोली का शिकार हुए कानपुर के शुभम द्विवेदी के घर मुख्यमंत्री योगी पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभम द्विवेदी को श्रद्धांजलि दी।उन्होंने परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। इस दौरान सीए योगी शुभम की पत्नी ऐशान्या से मिले। ऐशान्या सीएम योगी से मिलकर फूट-फूटकर रोई। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी से कड़ा बदला लेने की मांग की। इस पर सीएम योगी ने कहा कि सरकार पर भरोसा रखिए।

गुरुवार सुबह करीब दस बजे मुख्यमंत्री योगी शुभम के घर पहुंचे है। सीएम योगी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि हमले में कानपुर का एक युवा भी शिकार हुआ है। यहां के एक नौजवान शुभम द्विवेदी की मौत हुई है। उसकी दो महीने पहले ही शादी हुई थी। आतंकवाद को नेस्तनाबूद कर देंगे। पहलगाम का आतंकी हमला एक क्रूर, वीभत्स और कायराना है। न केवल देश, बल्कि दुनियाभर ने इसकी निंदा की है।

सीएम योगी ने कहा कि यह घटना बताती है कि आतंकवाद अपनी अंतिम सांस ले रहा है। धर्म और जाति पूछकर बहन बेटियों के सिंदूर को उजाड़ा गया है। ये बात कोई भी समाज स्वीकार नहीं कर सकता है। भारत में यह कतई स्वीकार्य नहीं है।

सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार की जो जीरो टॉलरेंस की नीति रही है वह प्रभावी तरीके से इसके खिलाफ कदम उठाएगी। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति (सीसीएस) की मीटिंग में कड़े फैसले लिए गए हैं। मैंने शुभम के परिवार से मुलाकात की है, मैंने कल उनके पिता से बात की थी।

सीएम योगी ने कहा कि कल ही उनका पार्थिव शरीर यहां पहुंचा है, शुभम का परिवार दुखी है। उसकी दो महीने पहले ही शादी हुई थी। परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। पूरा देश इस घड़ी में उनके साथ खड़ा हुआ है। हिंदू मां और बहनों के साथ जो बर्बरता की गई है।

**शेष पेज 2 पर**

# पहलगाम हमले पर सर्वदलीय बैठक में सरकार को मिला विपक्ष का पूरा साथ



**नई दिल्ली** । पहलगाम हमले ने देश को झकझोर दिया है. सरकार आतंकवाद की कमर तोड़ने पर काम कर रही है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इसकी घोषणा कर दी है। विदेशी राजनयिकों को सरकार सारी घटना की जानकारी दे चुकी है। राष्ट्रपति को भी सभी मामलों से अवगत कराया जा चुका है और आखिरी कड़ी के रुप में अब राजनीतिक दलों को भी इस मुद्दे पर एकजुट करने के लिए सरकार ने सर्वदलीय बैठक की।

इसमें गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस जयशंकर, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीरीजू भी शामिल हुए। शाम 6 बजे से शुरू हुई इस बैठक में कांग्रेस की तरफ से इसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी शामिल हुए। ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी से सुदीप बंदोपाध्याय , सपा की तरफ से रामगोपाल यादव, लालू यादव की पार्टी आरजेडी की तरफ से प्रेम चंद गुप्ता, आम आदमी पार्टी की तरफ से संजय सिंह और टीडीपी की तरफ से कृष्ण देव रायुलु शामिल हुए।

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर चल रही संसद में चल रही सर्वदलीय बैठक समाप्त हो गई है। यह बैठक करीब दो घंटे तक चली। इस बैठक के बाद संसद से बाहर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बताया कि बैठक में सभी दलों ने इस हमले की निंदा की। विपक्ष पूरी तरह से सरकार के साथ है। इस मामले में सरकार कोई भी एक्शन लें, विपक्ष सरकार के साथ हैं।

**शेष पेज 2 पर**

### चीन, जर्मनी-रूस-जापान...दिल्ली के

# विदेश मंत्रालय में जमा हो गए अचानक 20 देशों के राजदूत

**नई दिल्ली** । इस्लामाबाद ने जवाबी कार्रवाई के तहत वाघा सीमा को बंद करना, भारतीय नागरिकों के लिए सभी सार्क वीजा को निलंबित करना और भारतीय एयरलाइनों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करना शामिल है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पहलगाम आतंकी हमले के बारे में जानकारी देने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, इटली, कतर, जापान, चीन, रूस, जर्मनी, फ्रांस के शीर्ष राजनयिकों को बुलाया। विदेश सचिव ने 30 मिनट तक चली बैठक के दौरान इन राजनयिकों को



जानकारी दी। इससे पहले दिन में इस्लामाबाद ने जवाबी कार्रवाई के तहत वाघा सीमा को बंद करना, भारतीय नागरिकों के लिए सभी सार्क वीजा को निलंबित करना और भारतीय एयरलाइनों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करना शामिल है।

हाल ही में पहलगाम हमले के बाद, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई, भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। **शेष पेज 2 पर**

### परीक्षण | दुश्मनों को घर में ही नेस्तानाबूद करने की तैयारी

# आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली** । पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के साथ-साथ सेनाओं और सुरक्षा एजेंसियां भी एक्शन में है। एक दिन पहले पाकिस्तान पर सरकार ने कई प्रतिबंध लगाए हैं। वहीं आज भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में INS सूरत पर मिसाइल का परीक्षण किया गया है। इसके साथ ही नौसेना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में मिसाइल का परीक्षण किया गया है।



पहलगाम आतंकी हमले के बाद आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है।

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र का एक्शन**-जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने कई अहम फैसले लिए हैं। इसमें पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। वहीं अटारी बॉर्डर को भी बंद कर दिया गया है। जबकि भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ पाकिस्तान के राजनायिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही सेना को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है।

**क्या है आईएनएस सूरत ?**

आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया। इसे इस साल जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने बैयसरन के घास के मैदान मे छुट्टियां मना रहे लोगों पर अचानक गोलियां बरसानी शुरू कर दी।

**शेष पेज 2 पर**

# पहलगाम नरसंहार के विरोध में बंद रहा दवा बाजार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। दो दिन पूर्व कश्मीर के पहलगाम में हुई जघन्य हत्या के विरोध में खैर नगर का दवा बाजार सुबह से शाम तक बंद रहा। इससे जनपद मेरठ में ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में भी दवाई की सप्लाई पर असर पड़ा। अनुमान लगाया जा रहा है कि 200 करोड़ रुपए का व्यापार प्रभावित हुआ है। जिस प्रकार कश्मीर में निर्दोष लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी उसमें दवा व्यापारियों सहित बाजार के अन्य व्यापारियों में काफी रोष था। घटना के विरोध खैर नगर बाजार को सुबह से शाम तक बंद रखा गया और प्रधानमंत्री गृहमंत्री और रक्षा मंत्री जी से मांग की गई है कि इस देश से आतंकवाद को खत्म किया जाए






और पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया जाए जिससे भविष्य में ऐसे हत्याकांड की पुनरावृत्ति ना हो। व्यापारियों का कहना था कि पूरे विश्व को एक संदेश जाए कि भारत देश कोई कमजोर नहीं है। इस आक्रोश बंद में बाजार के 90 प्रतिशत से भी ज्यादा व्यापारी साथ रहे। मुख्य रूप से रजनीश कौशल राजीव ग्रोवर हेमंत बंसल आशाब अंसारी सर्जिकल संगठन के अध्यक्ष मनोज शर्मा मोइनुद्दीन गुड्डू अरबाज ओवैस फरमान अजय गुप्ता सुनील मनजीत कोचर मोहित आहूजा पीयूष आहूजा टीटू डिम्पी राजेश सोनू राकेश अमित आदि प्रमुख रहे। होलसेलर और रिटेलर केमिस्ट एसोसिएशन के घनश्याम मित्तल ने बताया कि मेरठ जिले की करीब 4000 दुकाने बंद रही। एसोसियेशन ने मांग की कि पुलवामा में हुए हमले का पूर्व जोर तरीके से विरोध करती है तथा सरकार से मांग करती है कि पीड़ित परिवारों को तुरंत न्याय और आर्थिक सहायता मिले तथा उनके परिवार को एक-एक सरकारी नौकरी भी मिले। इस घटना में जो लोग भी लिप्त हैं, उन्हें कड़ी से कड़ी कार्रवाई करके तुरंत सजा मिलनी चाहिए। आतंकवादियों को मौत के घाट उतार करके ही उन परिवारों को संपूर्ण श्रद्धांजलि होगी। इंद्रपाल सिंह घनश्याम मित्तल राजेश अग्रवाल अरुण त्यागी राहुल जैन प्रवीण दुआ सुनील गर्ग गगन गुप्ता सचिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे

# बागपत में विहिप-बजरंग दल ने फूंका आतंकवाद का पुतला, पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में जताया आक्रोश

## पाकिस्तान मुदार्बाद और आतंकवाद के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बागपत-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में आज विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने बागपत नगर के राष्ट्र वंदना चौक पर जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व विहिप बजरंग दल के जिला मंत्री नितिन गोस्वामी ने किया।



प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने ह्यपाकिस्तान मुदार्बाद और ह्यआतंकवाद मुदार्बाद के नारे लगाते हुए घटना के प्रति अपना गुस्सा और पीड़ा जाहिर की। इस मौके पर जिले के विहिप अध्यक्ष डॉ. यशपाल शास्त्री ने तीखे शब्दों में कहा, कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों की हत्या अत्यंत निंदनीय है। यह हमला दशार्ता है कि जहां भाजपा की सरकार नहीं है, वहां हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। कश्मीर की मुस्लिम जनता की आर्थिक समृद्धि हिंदू पर्यटकों से जुड़ी है, और इस हमले के पीछे वही ताकतें हैं जो नहीं चाहती कि कश्मीर खुशहाल बने।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक आतंकी हमला नहीं, बल्कि देश की एकता और सांस्कृतिक परंपरा पर सीधा वार है। जो लोग धर्म पूछकर गोलियां चला रहे हैं, वे किसी मजहब के पैरोकार नहीं हो सकते। देश को, दुनिया को अब जागना होगा और ऐसे विचारों व उनके समर्थकों को बेनकाब करना होगा। सरकार को चाहिए कि इन आतंकियों को ऐसी सजा दे कि उनकी सात पीढ़ियां भी याद रखें, डॉ. शास्त्री ने जोशीले अंदाज में कहा।

प्रदर्शन के अंत में आतंकवाद के प्रतीकात्मक पुतले को आग के हवाले कर श्रद्धांजलि स्वरूप उन शहीद पर्यटकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई, जिनकी इस हमले में जान गई।

इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से मनोज, सुभाष, विनोद, राजू, सोनू, दीपक, महेश, ललित, प्रियंका और विकास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पहलगाम में मारे गए सैलानियों की आत्मा की शांति के लिए रखा मौन



बागपत। महामना मालवीय महाविद्यालय खेकड़ा बागपत में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले में मारे गए सैलानियों की आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य सुनील कुमार तोमर ने बताया कि यह हमला कायरतापूर्ण तथा सामाजिक वैमनसय पैदा करने वाला है, ऐसे समय पर लोग समझ से काम ले तथा इस प्रकार के लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में ऐसे हमले रोके जा सके। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार ने एक स्वर में इस हमले की निंदा की तथा दो मिनट का मौन रखकर हमले में जान गवाने वाले सैलानियों की आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षणेतर कर्मचारी मौजूद रहे।

# सी ए बी क्रिकेट अकादमी की जीत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। प्रथम स्वर्गीय श्रीमती सुरजीत कौर मेमोरियल महिला क्रिकेट टूनार्मेंट का आज पाँचवा मैच टीकम सिंह क्रिकेट अकादमी बिजली बंबा बाय पास में सी ए बी क्रिकेट अकादमी मेरठ और एस आर एम एस क्रिकेट अकादमी बरेली के बीच खेला गया। जिसमें सी ए बी क्रिकेट अकादमी मेरठ ने टॉस जीत कर पहले बलेबाजी करते हुए 20 ओवर में 2विकेट पर 177 रन बनाये । सी ए बी क्रिकेट अकादमी मेरठ की तरफ से गोल्डी ने 89 रन नॉट आउट और दिशा शर्मा ने 72 रनों का योगदान दिया । एस आर एम एस क्रिकेट अकादमी



बरेली की तरफ से आयुषी गौतम ने 1विकट लिया । जवाब में एस आर एम एस क्रिकेट अकादमी बरेली ने 20 ओवर में 8विकेट पर 67 रन ही बना सकी जिसमे रिया ने 16रन व सरिता ने 13रन बनाये। सी ए बी क्रिकेट अकादमी मेरठ की तरफ से किंजिल ने 3विकट और अंशुल, अविका ने 2-2 विकट व यशिका के 1 विकेट लिया । वीमेन ऑफ दा मैच गोल्डी कों चुना गया आज के मुख्य अथिति ओलम्पिक संघ मेरठ के अध्यक्ष श्री पवन गोयल, श्री अजीत सैनी शैडो फार्मा के ओनर, अक्षय सैनी शैडो के मैनेजर, और श्रौ स्पोर्ट क्लब के ओनर अंकुर विकल ने गोल्डी को वुमन ऑफ दी मैच दे कर समानित किया । आज के अंपायर मणि जिंदल और पुलकित शर्मा तथा स्कोरर साहिल रहे ।



**हिंदू ऑर्केस्ट्रा की हत्या पर शोक प्रकट करते हुए विपक्षी साउदी बाला साहेब टाकुर की यूनिट घोर भर्त्सना ने चाइल्ड पार्क पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की**

# बच्चों ने देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने की ली शपथ



बागपत। कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष भारतीयों पर किए गए हमले की निंदा की और उस पर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

स्कूल के बच्चों ने उन बेगुनाहों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। उन्होंने यह संकल्प लिया कि भारत एक धर्म निरपेक्ष देश हैं। यहां पर हर धर्म का सम्मान होता है, हम इसकी एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगें। धर्म के नाम पर हिंसा नहीं करने देंगे। हम सभी भारत सरकार से अनुरोध करते है कि उन आतंकवादियों को एक-एक को ढूंढ़कर उन्हें अपने किए कृत्य की सजा दे ताकि देश की शांति व्यवस्था बनी रहे।

# संचारी रोग अभियान की हकीकत जानने पहुंचे ईओ, अर्जुनपुरम में किया औचक निरीक्षण

## गंदगी पर चेतावनी, कच्ची गलियों और लीकेज पर दिए निर्देश



बागपत। नगर पालिका परिषद बागपत के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना ने गुरुवार को संचारी रोग अभियान की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के लिए वार्ड 12 स्थित मोहल्ला अर्जुनपुरम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, फॉगिंग, और एंटी लार्वा छिड़काव को लेकर नागरिकों, महिलाओं एवं जन प्रतिनिधियों से संवाद किया।

निरीक्षण के दौरान मोहल्ले की सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। महिलाओं ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के नियमित संचालन की पुष्टि की, साथ ही उन्होंने सूखे व गीले कूड़े को अलग देने की व्यवस्था की अपेक्षा भी जताई। कुछ स्थानों पर नालियों में कीचड़ मिलने पर अधिशासी अधिकारी ने सफाई कंपनी के प्रभारी को सख्त चेतावनी दी।

ईओ भड़ाना ने मोहल्ले की कच्ची गलियों के निर्माण हेतु एस्टिमेट तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं एक स्थान पर पेयजल पाइप लाइन में लीकेज पाए जाने पर संबंधित अधिकारी को शीघ्र मरम्मत कराने का आदेश भी दिया। नागरिकों की मांग पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के निर्देश भी मौके पर ही जारी किए गए।

इस निरीक्षण के दौरान वार्ड सभासद वेदप्रकाश, नगर सफाई प्रभारी एवं राजस्व निरीक्षक शीतल कुमार चौहान, भूदेव सफाई कंपनी के प्रभारी सुबोध कुमार और मोहल्ले के गणमान्य नागरिक विजय सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

आगामी दिनों में भी इस तरह के औचक निरीक्षण किए जाएंगे। पहली बार लापरवाही पर चेतावनी दी जाएगी, लेकिन बार-बार शिकायत मिलने पर नागरिकों की राय लेकर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली में हैं 34 पाकिस्तानी नागरिक, मायके आई शहनाज को 48 घंटे में वापस जाना होगा पाकिस्तान

बरेली। जिले में रह रहे पाकिस्तानियों पर सरकार के नए फैसले से संकट आ गया है। जिले में इस समय 34 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। हालांकि विशेष उद्देश्य प्रवेश वीजा (एसपीईएस) के आधार पर रह रही केवल एक महिला ही सरकार के इस आदेश से तत्काल प्रभावित होगी। पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों के बाद भारत सरकार ने कई कड़े फैसले लिए हैं। इनमें से एक अनाधिकृत रूप से भारत में रह रहे पाकिस्तानियों को उनके देश वापस भेजना भी है। सरकार के फैसले का असर बरेली जिले में भी होगा। विभागीय सूत्रों की मानें तो बरेली जिले में इस समय 34 पाकिस्तानी नागरिक किसी न किसी वजह से रह रहे हैं। एक प्रतिष्ठित अखबार ने पड़ताल की तो पता चला कि इनमें से 33 पाकिस्तानी नागरिकों का लॉन्ग टाइम वीजा है, जबकि शहनाज नाम की महिला कराची से बरेली अपने एसपीईएस वीजा पर आई है।

# अधिवक्ता परिषद ने पहलगांव हमले को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

बरेली। अधिवक्ता परिषद ब्रज बरेली इकाई ने जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले को लेकर बरेली के नवागत जिलाधिकारी अविनाश सिंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से ज्ञापन सौंपा, जिसमें नौ सूत्रीय मांगों के साथ बताया कि इस आतंकी घटना ने पूरे देश को गहरे आघात में डाल दिया है। इस हमले में निर्दोष नागरिकों की जान गई, सुरक्षाबलों पर हमला हुआ, और भारत की संप्रभुता को चुनौती दी गई। इस हमले ने इस स्थिति को और भी अधिक गंभीर बना दिया है। हिन्दुओ को टारगेट किया गया है मारने से पहले उनका नाम पूछा गया था और उनके कपड़े उत्तरवाए थे। जो दशार्ता है ये एक लक्षित हिंसा थी। आतंकवादियों द्वारा किए गए इस हमले में कई लोगों की जाने गई हैं जो पर्यटन के लिए जम्मू आए थे। आतंकियों की गतिविधियाँ ने देश की सुरक्षा को फिर से संकट में डाल दिया है। ये हमला सुरक्षा में भी बड़ी चूक को दशार्ता है। इन हमलों में पाकिस्तान की प्रत्यक्ष या परोक्ष संलिप्तता है, जिसके माध्यम से आतंकवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी संगठन लगातार भारत की शांति भंग करने का प्रयास कर रहे हैं। इन घटनाओं को देखते हुए,ठोस कदम उठाने के सरकार से नौ सूत्रीय मांग करते हैं कि इस हमले की गहन और निष्पक्ष जांच कर दोषियों, को सख्त सजा दी जाए पाकिस्तान की संलिप्तता की गहन जांच की जाए, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जाए।आतंकवादी संगठनों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं, उनके वित्तीय स्त्रोतों को समाप्त किया जाए,सीमा पर सुरक्षा को और सख्त किया जाए, ताकि आतंकवादियों के प्रवेश पर पूर्ण रोक लगे,पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा और पुनर्वास सहायता प्रदान की जाए, ज्ञापन देने वालों में अधिवक्ता परिषद ब्रज संरक्षक पूरन लाल प्रजापति बरेली इकाई के जिला अध्यक्ष ओमपाल सिंह महामंत्री हजारीलाल कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा, गौरव सिंह राठौर सहित दर्जनों अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# बी क्लास हिस्ट्रीशीट में शामिल हुए 11और अपराधी, एसएसपी ने कसा शिकंजा

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। जिले में अपराध पर लगाम लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने 11 कुख्यात अपराधियों की बी क्लास हिस्ट्रीशीट खोली है। बी क्लास में खोली गई हिस्ट्रीशीट में रंगदारी, चोरी, डकैती, अवैध शराब निष्कर्षण, गोकशी करने समेत स्मैक तस्करी करने वाले आरोपी शामिल हैं। इन सभी बदमाशों पर अलग-अलग थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इन सभी की निगरानी अब पुलिस ने बढ़ा दी है, जिससे अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सके।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए उनकी पूरी आपराधिक गतिविधियों का रिकॉर्ड खंगाला गया। जिन अपराधियों की बी क्लास हिस्ट्रीशीट खोली गई, वे विभिन्न अपराधों में शामिल रहे हैं, जैसे कूटरचित दस्तावेज तैयार करना, अवैध शस्त्र निर्माण, रंगदारी व हत्या प्रयास, चोरी, नकबजनी और डकैती। इससे पहले भी एक आतंकी समेत 31 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली गई थी। उसके बाद दोबारा से एसएसपी ने 11 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली। ऐसे में अब तक कुल 53 बदमाशों की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है। इसी क्रम में बुधवार को एसएसपी ने ग्राम रोहतापुर अलीगंज निवासी कालू उर्फ काला की बी क्लास हिस्ट्रीशीट खोली।

लगातार अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जा रही है। इस बार 11 बदमाशों की बी क्लास हिस्ट्रीशीट खोली गई। जबकि इससे पहले 31 और फिर 11 बदमाशों की दो बार में हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है। यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण और जनता की सुरक्षा के लिए की गई है। अपराधियों के खिलाफ भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी

**– अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।**

# दीपाली वर्माः छोटे पर्दे से लेकर सामाजिक मुद्दों वाली फिल्मों की दमदार अदाकारा

**सुरेंद्र मलानिया**

मनोरंजन जगत में कई चेहरे आते हैं और जाते हैं, लेकिन कुछ कलाकार अपनी संजीदगी, अभिनय और सामाजिक सरोकारों से दर्शकों के दिलों में खास जगह बना लेते हैं। ऐसी ही एक प्रतिभावान अभिनेत्री हैं दीपाली वर्मा, जिन्होंने 'बदला', 'चाची चतरो', 'इज्जत का बंटवारा', 'गंगा', 'प्रधान जी', 'शिवानी का इंतकाम', 'सरगम और संगीत' जैसी कई चर्चित फिल्मों में लीड रोल निभाकर अपनी अलग पहचान बनाई है।

'बदला' जैसी साहसिक फिल्म से मिली पहचान-दीपाली वर्मा की सबसे चर्चित फिल्म रही 'बदला', जो लव जिहाद जैसे संवेदनशील और ज्वलंत सामाजिक मुद्दे पर आधारित है। इस फिल्म में दीपाली का अभिनय न केवल भावनात्मक रूप से असरदार था, बल्कि इसने समाज के एक बड़े तबके को सोचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने इस फिल्म में एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया, जिसकी एक फ्रेंड होती है जिसे प्रेम के नाम पर धोखा मिलता है जिसके लिए दीपाली वर्मा न्याय की लड़ाई लड़ती है और फिर समाज के सामने सच्चाई लाने का संकल्प लेती है। उनकी सादगी, संवेदनशीलता और दमदार डायलॉग डिलीवरी ने दर्शकों को झकझोर कर रख दिया।

रामलीला मंचन से लेकर सिनेमा तक का सफर-दीपाली वर्मा ने अभिनय की शुरूआत ऊऊ ठं३ ङ्खल्लं'



पर प्रसारित रामलीला में वेदवती के किरदार से की थी। (सीता मां का पूर्व जन्म) पारंपरिक मंचों से जुड़ाव और भारतीय संस्कृति से गहरी समझ ने उनके अभिनय में एक खास निखार दिया है। उन्होंने धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों को बड़े पर्दे पर जिस संजीदगी से जिया है, वह काबिल-ए-तारीफ है।

शिवा दादू ने दिया था पहला मौका-दीपाली वर्मा को फिल्म इंडस्ट्री में लाने का श्रेय जाता है शिवा दादू को, जिन्होंने उनकी प्रतिभा को पहचाना और पहला मौका दिया। दीपाली खुद स्वीकारती हैं कि उनके करियर की नींव में शिवा दादू का बड़ा योगदान है। वो कहती हैं, ह्यअगर शिवा दादू और मेरी मम्मी का आशीर्वाद न होता, तो शायद मैं यहां तक न पहुँच पाती।

मां का आशीर्वाद, आगे बढ़ने की प्रेरणा-दीपाली अपने हर इंटरव्यू में अपनी मां का ज़िक्र करती हैं। उनका मानना है कि उनकी तरक्की और सफलता का श्रेय उनकी मां के आशीर्वाद को जाता है। उनके शब्दों में, मेरी मां की दुआओं ने ही मुझे हमेशा आगे बढ़ने का हौसला दिया। जब मैं थकती थी, तो उनका विश्वास मुझे खड़ा कर देता था।

जल्द रखेंगी बॉलीवुड में कदम-अब दीपाली वर्मा की नजरें बॉलीवुड पर टिकी हैं। वह कहती हैं कि जल्द ही वह बड़े बैनर की फिल्मों में नजर आएंगी और अपने अभिनय से पूरे देश को प्रभावित करेंगी। उनका आत्मविश्वास और समर्पण यह संकेत देता है कि वह हिंदी सिनेमा की अगली प्रतिभाशाली अभिनेत्री बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

निष्कर्षः-दीपाली वर्मा की यात्रा उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो छोटे शहरों या साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं लेकिन सपने बड़े देखते हैं। उनके अभिनय में सामाजिक चेतना, पारिवारिक मूल्यों और नारी सशक्तिकरण की झलक साफ दिखाई देती है। हम उन्हें भविष्य के हर पड़ाव के लिए शुभकामनाएँ देते हैं – क्योंकि असली सितारे वही होते हैं जो जमीन से जुड़े रहते हैं।

# संपादकीय

## भारत के लिये पाक पर पलटवार का मौका

पहलगाम का आतंकी हमला हताशा में किया गया एक ऐसा कुकृत्य है, जिस पर हमेशा की तरह सुई पाकिस्तान की तरफ घूमती है। खुद आतंकवाद का दंश झेल रहा एक देश सरकारी और तैयार आतंकियों के जरिये भारत को बार-बार गहरे जख्म देने की नापाक नीति पर चल रहा है। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पर्यटकों पर हुए इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बीच हुआ है। मुनीर ने पिछले हफ्ते ही कश्मीर को अपने देश की ह्यगले की नसह्व बताकर 22 अप्रैल के हमले की भयावहता की जमीन तैयार कर दी थी। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, वहीं उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत को उछालना चुना। दावा किया कि हिंदुओं व मुसलमानों में कोई समानता नहीं है। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को चुनौती दे दी है। पाक ने पर्यटकों की मौत पर शोक व्यक्त करने का प्रपंच तो रचा, लेकिन हमले की निंदा करने से परहेज किया। उरी(2016) और पुलवामा (2019) की तरह क्या पहलगाम हत्याकांड भी ऐसी प्रतिक्रिया को जन्म देगा? मोदी सरकार, क्या पाकिस्तान को फिर से सबक सिखाने के लिये भारी दबाव में है? वैसे कूटनीतिक मोर्चे पर, भारत के लिये अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में इस्लामाबाद को बेनकाब और शर्मिंदा करने का एक बड़ा अवसर है। पहलगाम जांच के नतीजों और राणा से पूछताछ से भारत के इस रुख की पुष्टि होने की उम्मीद है कि पाकिस्तान आज भी आतंकवाद का केंद्र बना हुआ है। बहरहाल, पहलगाम के बैसरन में पाक पोषित आतंकियों ने जो खूनी खेल खेला, उसने पूरे देश को झकझोरा है। सैर-सपाटे के लिये गए लोगों को मौत मिलेगी, ऐसी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। लेकिन एक हकीकत है कि देश-विदेश के 26 पर्यटक आतंकियों की गोली के शिकार हुए। हमले ने शेष देश के साथ कश्मीर की आत्मा को भी झकझोरा है। यह त्रासदी सिर्फ जम्मू-कश्मीर की ही नहीं है, बल्कि इस हमले ने पूरे देश को गहरा जख्म दिया है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस पीड़ादायक हादसे के बाद घाटी के लोगों ने हमले की एकजुट होकर निंदा की गई है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए। कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोककर भारत लौटे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने भी घाटी पहुंचकर तत्काल जमीनी स्थितियों का आकलन होने तक पूरी सरकारी मशीनरी की ताकत झोंक दी है। तात्कालिक प्रतिक्रिया के तौर पर इस संवेदनशील क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमलावरों को यथाशीघ्र को कड़ा जवाब दिया जाएगा। लेकिन अधिकारियों को घाटी की उन आवाजों को भी बुलंद करना चाहिए जिन्होंने हिंसा को खारिज करके मानवता को चुना है।

# पाक को सबक सिखाना एवं आतंकवाद को उखाड़ना होगा

**पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे।**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर एवं क्रूर आतंकी हमले से सारा देश गम एवं गुस्से में दिख रहा है, वही मोदी सरकार इस बार आर-पार के मूड में दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ( सीसीएस ) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीजा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दशार्ते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर-ही-भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूंबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निदोर्षों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है?



पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने कश्मीर को अपने देश की ह्यगले की नसह्व बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी। दाने-दाने को तरसता पाकिस्तान अब त्राहि-त्राहि करते हुए तबाही के कगार पर पहुंचेगा। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, अब भारत उसकी नींद ही नहीं, सुख-चैन भी छीन लेगा। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को चुनौती दे दी है, सीधे-सीधे ललकारा है। मोदी सरकार को सस्ते में लेने की भूल के परिणाम पाकिस्तान पहले भी भुगत चुका है, उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह पहलगाम हत्याकांड में बहा निदोर्षों का रक्त व्यर्थ नहीं जायेगा। जिस तरह श्रीकृष्ण को आसूरी शक्तियों के खिलाफ महाभारत रचना पड़ा, उसी तरह मोदी पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कोई बड़े युद्ध की संरचना करके हमेशा के लिये आतंकवाद का सर्वनाश करे।

पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे। बागों में ट्यूलिप के फूल खिल उठे थे। बर्फ की वादियों में मंद-मंद शीतल हवाओं से चिनार के पेड़ झूमने लगे थे। जो देश एवं दुनिया के असंख्य पर्यटकों को खींच रहे थे। उम्मीदें बंध गई थीं कि एक न एक दिन आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर नई सुबह देखेगा लेकिन बढ़ते पर्यटक और मजबूत होती अर्थव्यवस्था पाक को रास नहीं आई। पहलगाम के भयावह हमले ने एक बार फिर सबको खौफजदा कर दिया। जम्मू-कश्मीर में शांति, सौहार्द और विकास पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं को नागवार गुजर रहा था। इसलिए पाकिस्तान की सेना, सेना प्रमुख तौकिर मुनीर, उसकी खुफिया एजैंसी आईएसआई और आतंकवादी संगठनों ने मिलकर ऐसी साजिश रच डाली, जिसने उनके धर्म को धुंधलाने एवं शर्मसार करने के साथ पाकिस्तानी इरादों को भी बेनकाब कर दिया।

पाकिस्तान को जवाब देने की तैयारी व्यापक स्तर पर हो रही है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या भारत ऐसी कोई बड़ी कार्रवाई कर सकेगा, जिससे वह सही रास्ते पर आ जाए? पहलगाम का आतंकी हमला भारत की चेतना और उसकी अस्मिता पर किया गया भीषण हमला है। इस हमले के द्वारा भारत को ललकारा गया है। अब पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाने के लिए सभी विकल्पों पर विचार होना ही चाहिए। यदि युद्ध अपेक्षित हो तो उसे भी अंजाम देना चाहिए। उसकी परमाणु हमले की धमकियों से आखिर कब तक डरा जायेगा? इसी के साथ इस पर भी मंथन हो कि आखिर पहलगाम में आतंकी इतनी आसानी से इतने लोगों को मारने में सफल कैसे हो गए? सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ एवं सक्रियता जारी थी। ऐसे में भारत सरकार, सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों को और सतर्क रहना चाहिए था। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि कश्मीर में जब बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे थे, तब वहां जैसी चौकसी बरती जानी चाहिए थी, उसका अभाव क्यों देखने को मिला?

जिस तरह से धर्म और नाम पूछकर आतंकवादियों ने हिन्दुओं का नरसंहार किया उससे समूचा राष्ट्र आक्रोश में है। भारत की बेटी जिस की हाथों की मेहंदी का रंग भी अभी फीका नहीं हुआ था और तीन दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी, उसकी अपने पति भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के शव के साथ तस्वीर देखकर समूचे देश का दिल दहल गया। हैदराबाद के आईबी अधिकारी मनीष रंजन को पत्नी और बच्चों के सामने मार दिया गया, ऐसे ही दर्दनाक दृश्य चारों ओर बिखरे थे। यह हमला वैसा ही जैसा हमास के आतंकवादियों ने इजराइल पर किया था। आज समूचा राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ?खड़ा है। हर देशवासी चाहता है कि पाकिस्तान को ?ऐसा सबक सिखाया जाए जैसा इजराइल ने हमास को सिखाया है। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में तीव्र गर्जना करते हुए पाकिस्तान को सबक सिखाने का संकल्प व्यक्त किया है। गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद के आगे घुटने न टेकने की बात कहीं है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमलावरों को यथाशीघ्र कड़ा जवाब दिया जाएगा। लेकिन अब घाटी की उन आवाजों को भी बुलंद करना चाहिए जिन्होंने हिंसा को खारिज करके मानवता, देश की एकता एवं घाटी की शांति को चुना है.।

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर हिंदू युवा वाहिनी का आक्रोश प्रदर्शन, पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गाज़ियाबाद। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले को लेकर देशभर में रोष का माहौल है। इसी के चलते हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं का गुस्सा सड़को पर फूट गया




गाज़ियाबाद में हिंदू युवा वाहिनी द्वारा जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया गया। संगठन के कार्यकताओं ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की माँग की।

प्रदर्शन नवयुग मार्केट से घंटाघर तक किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भगवा झंडे और बैनर लेकर एकत्र हुए। कार्यकताओं ने सरकार से आतंकवाद के खिलाफ ह्लसर्जिकल स्ट्राइक जैसी कड़ी कार्यवाहीह्व की मांग की

हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष आयुष त्यागी ककड़ा ने कहा, ह्लदेश अब और सहन नहीं करेगा। पाकिस्तान की सरपरस्ती में पल रहे आतंकियों को मुँहतोड़ जवाब देने का समय

## टीडी अभियान के पहले दिन टिटेनस और डिप्थीरिया की रोकधाम हेतु 9879 बच्चों का हुआ टीकाकरण

बरेली, जनपद में बृहस्पतिवार से स्कूल आधारित टिटेनस डिप्थीरिया(टीडी) टीकाकरण अभियान शुरू हुआ जो कि 10 मई तक चलेगा` जिसके तहत कक्षा पांच और कक्षा 10 के छात्रों को टीडी का टीका लगाया जायेगा` इस अभियान का शुभारम्भ राजकीय इंटर कॉलेज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार ने फीता काटकर किया` मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह ने कहा कि प्रयास रहेगा इस अभियान को सफल बनायें और शत प्रतिशत लक्षित बच्चों का टीकाकरण करें` जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि अभियान के दौरान सभी विद्यालयों में कक्षा पांच में पढ़ने वाले बच्चों का टीडी-10 का और कक्षा 10 के बच्चों को टीडी-16 का टीका लगाया जा रहा है`

## नौगांव के दुर्गा मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस हुआ भण्डारे का आयोजन

मैनपुरी - कुरावली थाना क्षेत्र के ग्राम नौगांव में हेमराज राठौर के दुकान के सामने नवीन दुर्गा मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया इस सुबह मां दुर्गा के स्वरुप को भव्य तरीके से सजाया गया हवन एवं पूजा पाठ के बाद शाम को भण्डारे का आयोजन किया गया इस आगरा से आएं राम मोहन



श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव पूरे परिवार के साथ मां दुर्गा के कार्यक्रम में शामिल हुए गांव बालों कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा इस अवसर पर राधेश्याम श्रीवास्तव, कल्लन श्रीवास्तव, ओम सिह, रिंकू, विपिन तोमर नरेंद्र सिंह चौहान,महादेव राठौर,विक्रम,दिनेश,हेमराज,रीतू,हंसराज,रितोश, आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।

## सिन्धी समाज ने एक मौन कैंडल मार्च निकाला

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कानपुर। श्री नगर के पहलगाम में भारत के विभिन्न प्रदेशों के सैलानियों की निर्मम हत्याओं के विरोध में आज सिन्धी समाज ने एक मौन कैंडल मार्च निकाला गया। यह मौन कैंडल मार्च कानपुर महानर सेन्ट्रल सिन्धी पंचायत के तत्वावधान में निकाला गया। संस्था के मीडिया प्रभारी मनोज आडवाणी ने बताया कि सिन्धी समाज में इस मासूम पर्यटकों की निर्मम हत्याओं से बहुत रोष है हर




व्यक्ति चाहता है सरकार को इसका मूंह तोड़ जवाब देना चाहिए, यह हमला सिर्फ पर्यटकों पर नहीं बल्कि भारत वासियों पर हुआ है। वही यह मौन कैंडल मार्च सिन्धी कालोनी शास्त्री नगर के गेट नं एक से प्रारंभ होकर पैदल चलते हुए मरियमपुर चौराहे पर इसका समापन हुआ जिसमें समाज के महिलाओं एवं पुरुषों ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई अंत में मरियमपुर चौराहे पर ही सभी दिवंगत मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवम वहीं पर दो मिनट के मौन के साथ कैंडल मार्च का समापन हुआ। इस मौके पर आनन्द राजपाल,सीताराम खत्री,रामदास माखीजा, काशीराम,घनश्याम रुपानी,विधी राजपाल सहित समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर हिंदू युवा वाहिनी का आक्रोश प्रदर्शन, पाकिस्तान औरआ गया है। हमारे अपनों की शहादत व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। जिसमें केंद्र सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कठोर नीति अपनाने की माँग की गई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि आतंकवाद पर रोक नहीं लगी, तो आने वाले दिनों में देश का हर हिंदू सड़क पर उतरेगा और अपनी लड़ाई खुद लड़ेगा ।

स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की और प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## वक्फ संशोधन विधेयक, 2025: सुधार की दिशा में कदम

**सुरेंद्र मलानिया**



बागपत।वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पेश किया गया है। यह विधेयक वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन के माध्यम से वक्फ बोर्डों की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाने, पंजीकरण प्रक्रिया में सुधार लाने, परिभाषाओं को स्पष्ट करने और अभिलेख प्रबंधन में तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

इसके साथ ही, मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2025 के जरिए ब्रिटिश कालीन मुसलमान वक्फ अधिनियम, 1923 को समाप्त कर वक्फ अधिनियम, 1995 के अंतर्गत एकरूपता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। यह पहल वक्फ संपत्तियों के कुशल और पारदर्शी संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने समर्थकों के साथ पाकिस्तान के आतंकवादियों का पुतला फूंका

नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।

कानपुर। मोतीझील कानपुर स्थित भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह ने समर्थकों के साथ पाकिस्तान के आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हिंदू लोगो पर जो अत्याचार हुआ है इस सम्बंध में पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका कहां हमारे भारत देश के प्रधानमंत्री जी एक-एक आतंकियों को छोड़ने वाले नहीं हैं हमारे भारत के सैनिक हर



संभव आतंकियों को सबक सिखाने का काम करेंगे पुतला दहन करने वालों में साथ में अरुण शर्मा, हरि आनंद, जया शुक्ला, बी. के. विश्वकर्मा, कमल तिवारी, अजय भदौरिया, दिनेश सिंह, अरविंद, अमित मिश्रा, एस. के. सिंह, शिवा ठाकुर, टिकाम सिंह, प्रदीप गुप्ता, मयंक मिश्रा, रवि सेंगर, कुलदीप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे उन्होंने बोला की यह बड़ा ही दुर्भाग्य पूर्ण है जो हिंदुओं को उनका धर्म देखकर मारा गया है बड़ा ही निंदनीय है , पाकिस्तान को ओर उनके आतंकवादीयो के नेतृत्त्व करने वालो को कठोर से कठोर सबक सिखाया जाएगा।

# गन्ना सर्वेक्षण वास्ते पेराई सत्र 2025-26 हेतु संयुक्त गन्ना सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

उत्तर प्रदेश रामपुर ।त्रिवेणी चीनी मिल मिलक नारायण पुर के सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मिलक नारायण पुर ,साहब सिंह सत्यार्थी, उप महाप्रबंधक गन्ना त्रिवेणी चीनी मिल मि.नारायणपुर विपिन खातियान सहायक महा प्रबंधक देवेन्द्र सिंह नरेंद्र चहल जी, रघुवंश राव आईटी प्रभारी दीपक के साथ संयुक्त गन्ना सर्वेक्षण हेतु शुगर मिल मिलक नारायणपुर,के समस्त मिल फील्ड कार्मिक, गन्ना विकास परिषद मिलक नारायण पुर के गन्ना पर्यवेक्षक/ समिति कार्मिक उपस्थित रहे ।प्रशिक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने गन्ना सर्वे कार्य पूरी निष्ठा/ सुचिता एवं स्थलीय स्थिति के अनुरूप विभागीय नियमानुसार किया जाय , साथ ही कार्यक्रम अनुसार संबंधित ग्राम में



मुनादी, एसएमएस के माध्यम से सर्वे की जानकारी कराने प्लॉट सर्वे/ भ्रमण के समय कृषकों को समसामयिक कर्षण क्रियाओ के बारे में जानकारी देते रहे,तथा गन्ना सर्वे संबंधी विभिन्न पहलुओं यथा , राजस्व अभिलेख के अनुसार सर्वे , घोषणा पत्र, जीपीएस सर्वे, प्रचार प्रसार, ट्रांसफरएंट्री , पौधशालाओं, ट्रेंच, सहफसली , आदर्श प्लॉट के विवरण के साथ ही कृषक को मौके पर सर्वे स्लिप देने के बारे में तथा नए सदस्यों एवं उपज बढ़ोत्तरी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी आई टी प्रभारी द्वारा एच एच सी/जी पी एस संचालन संबंधित गन्ना सर्वे की तकनीकी जानकारी विस्तार से दी गई .उप महा प्रबंधक (गन्ना) चीनी मिल द्वारा गन्ना सर्वे के विभिन्न पहलुओं के साथ , प्रजातियों के नाम को सही दर्ज करने एवं सर्वे के दौरान रोग कीट प्रबंधन के संबंध में जानकारी को भी कृषकों के मध्य साझा करने का भी निर्देश दिया, उन्होंने ने यह भी बताया कि सभी सर्वे कार्मिकों को ,गमछा, टोपी, पानी की बोतल आदि भी शुगर मिल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी।

# गंगोह पुलिस ने कुंडा कलां से दो पाकिस्तानियों को वापस भेजा

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

गंगोह, सहारनपुर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रूख अख्तियार कर लिया है। सरकार के आदेश पर भारत में आए हुए पाकिस्तानियों को वापस भेजा जा रहा है।

इसी कड़ी में गंगोह पुलिस ने भी क्षेत्र मे पाकिस्तानियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को पता चला कि गांव कुंडा कलां निवासी मजीद पुत्र सुलेमान के यहां 17 अप्रैल से पाकिस्तान निवासी रशीद और महिला बसकारी दोनो आए हुए हैं। इनका वीजा 25 मई तक यानी 45 दिन का है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को ही दोनों पाकिस्तानियों को यहां से रवाना कर दिया है।

# हर साल नई किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते स्कूल : डीएम अमरोहा

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। पाठ्यक्रम और यूनिफॉर्म खरीद में स्कूलों की मनमानी पर बुधवार को डीएम ने कलक्ट्रेट में सीबीएसई व मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि स्कूल हर साल बच्चों को नई किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। पाठ्यक्रम में परिवर्तन नियम के अनुसार ही हो सकता है। शासन के निर्देशों के तहत ही स्कूलों का संचालन हो। किसी भी रूप में अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ न डाला जाए कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि स्कूलों को मंदिर का दर्जा दिया गया है, जहां से शिक्षा पाकर एक बच्चा कुशल नागरिक बनकर देश के विकास में योगदान करता है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में जहां भी अव्यवस्थाएं हैं, अगले



15 दिनों में उनका पूरा कर लें। ऐसा कार्य करें जिससे गरीब का बच्चा भी शिक्षित होकर आगे बढ़ सके। फीस वृद्धि के लिए मानकों का पालन किया जाए। अभिभावकों को हर वर्ष नई किताबें खरीदने के लिए विवश न करें। जो निर्धारित किताबें हैं, उनका ही प्रयोग स्कूलों में किया जाए

एनसीईआरटी की किताबों को खरीदने के लिए शासन के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। स्कूल किसी भी निश्चित दुकान से यूनिफॉर्म व पाठ्यक्रम को खरीदने के लिए बाध्य न करें। बच्चों से किसी भी तरह का अतिरिक्त शुल्क की वसूली नहीं की जा सकती। सभी स्कूल वेबसाइट पर ऑनलाइन शुल्क का विवरण अपलोड करेंगे। शुल्क वृद्धि नवीनतम उपभोक्ता मूल सूचकांक से पांच प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती।

शासन के नियमों का न करें उल्लंघन-डीएम ने कहा कि विद्यालय की नियमावली और शासन के निर्देशों का उल्लंघन अगर किसी भी स्कूल में पाया गया तो संबंधित विद्यालय के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा, डीआईओएस वीपी सिंह, बीएसए डॉ. मोनिका, जीआईसी के प्रधानाचार्य ललित कुमार समेत सीबीएसई व मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों स्कूलों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य शामिल रहे

# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को शाहबाद पत्रकार एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। गुरुवार को शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. के पदाधिकारी ने



कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के कार्यालय कर सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखा और मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इससे पहले शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बुधवार शाम में रामपुर चौराहे पर एकत्र होकर कैंडल जलाई। इस मौके पर संरक्षक सखावत अली, अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, उपाध्यक्ष शराफत हुसैन हस्सानी, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश शंकर, सचिव वीरेंद्र मौर्य, सचिव सुनील कुमार, नेहा गुप्ता, तकरीर अहमद, जहीर खा, इरफान मलिक, धर्मेंद्र सागर, शान मो आदि रहे।

# आतंकी हत्यारों को बख्शा नहीं जाएगा: हेमा मालिनी



मथुरा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सांसद हेमा मालिनी ने एक्स पर पोस्ट की है। उन्होंने लिखा है कि आतंक ने फिर से हमला किया है और इस बार निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी गई है। पहलगाम का शांतिपूर्ण घास का मैदान, एक खूबसूरत लोकप्रिय पर्यटन स्थल है जिस पर पर्यटकों के खून के छींटे पड़े हैं। यहां तक कि नवविवाहितों को भी नहीं बख्शा गया, बल्कि उन्हें बेरहमी से निशाना बनाया गया और गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस भयानक हत्या का क्या उद्देश्य है। उन्होंने लिखा कि आतंकवादियों को क्या लगता है कि उन्होंने इस भयावह कृत्य से क्या हासिल किया है। पूरा देश उनके खिलाफ उठ खड़ा हुआ है और पूरी दुनिया इस नृशंस कृत्य की निंदा कर रही है। कहा कि उनकी प्रार्थनाएं उन निर्दोष पीड़ितों और उनके सदमे में आए परिवारों के लिए हैं, जिन पर छुट्टियों के दौरान इस तरह से हमला किया गया। मुझे उम्मीद है कि हत्यारों को बख्शा नहीं जाएगा, बल्कि जल्द ही न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। अंत में जय हिंद लिखकर उन्होंने अपनी बात समाप्त की।

# मथुरा में खपाने के लिए लाया गया 6.60 क्विंटल मिलावटी पनीर पकड़ा



मथुरा। हरियाणा से मथुरा में खपाने के लिए लाया गया मिलावटी पनीर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पकड़ लिया। टीम ने नमूने लेने के बाद दो अलग-अलग स्थानों से पकड़ा गया 6.60 क्विंटल पनीर नष्ट करा दिया। अन्य डेयरी उत्पादों के भी नमूने लेकर टीम ने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। लखनऊ में मथुरा से भेजा गया नकली पनीर पकड़े जाने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की नींद टूटी थी। इसके बाद से लगातार टीम नकली और मिलावटी पनीर बनाए जाने और आपूर्ति किए जाने पर नजर बनाए हुई थी। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार रात 9 बजे के करीब टीम ने सूचना पर बीएसए रोड स्थित सफी डेयरी पर छापा मारा। यहां एक पिकअप में 5.40 क्विंटल पनीर लदा हुआ मिला। यह पनीर हरियाणा के जिला नूंह स्थित गांव इंदाना पुन्हाना निवासी शाहिद लेकर पहुंचा था। प्रथम दृष्टय पनीर मिलावटी प्रतीत होने पर टीम ने नमूना लेने के बाद पनीर को नष्ट करा दिया। वहीं सफी डेयरी पर भंडारित पनीर का भी एक नमूना लिया। वहीं बुधवार को सुबह साढ़े सात बजे के करीब होलीगेट से एक ईको कार में बिक्री के लिए लाया गया 1.20 क्विंटल पनीर पकड़ा। यह पनीर भी हरियाणा के मेवात निवासी खूबी पुत्र ताजू द्वारा लाया गया था। टीम को प्राथमिक जांच में पनीर मिलावटी प्रतीत हुआ। इसके चलते नमूना लेने के बाद इस पनीर को भी नष्ट करा दिया गया। इस कार्रवाई के बाद पनीर कारोबारियों में खलबली मच गई है।

# जंगली सूअर के काटने से महिला घायल

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद।गुरुवार की सुबह गेहूं की कटाई करने गई महिला पर जंगली सूअर ने हमला कर दिया। शाहबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा निवासी 50 वर्षीय सरस्वती पत्नी रूम सिंह अपने बेटे और सास के साथ खेत पर गेहूं की कटाई कर रही थी सरस्वती जैसे ही कटे हुए गेहूं की पुली बांधने के लिए। झुकी। तभी अचानक जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया जंगली सूअर ने महिला को काफी जगह से काट लिया परिवार के लोगों ने किसी तरह से जंगली सूअर से सरस्वती को बचाया और सरस्वती का बेटा आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर पहुंचा। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर महिला को घर वापस भेज दिया।

# मथुरा में भाजपा नेता के मोटरसाइकिल नकाबपोश ने मारी गोली, हुई मौत



मथुरा के थाना गोविंद नगर क्षेत्र में देर रात व्यापारी भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामला अब तूल पकड़ता दिखाई दे रहा है। देर रात हुई व्यापारी भाजपा नेता की हत्या के बाद बृहस्पतिवार को सुबह मृतक हेमेंद्र गर्ग के आवास पर व्यापारियों और मिलने वालों का तांता लग गया। वहीं मृतक के आवास पर पहुंचे एसपी सिटी डॉ.अरविंद कुमार से व्यापारियों और परिजनों ने घटना का जल्द खुलासा करने की बात कही ।

व्यापारी नेताओं में घटना को लेकर उबाल दिखाई दे रहा है। व्यापारी नेता घटना कि जल्द से जल्द खुलासे की मांग को लेकर मृतक के आवास पर डेरा डाले हुए हैं। वहीं पुलिस प्रशासन भी मौके पर अलर्ट दिखाई दे रहा है। पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने मृतक की आवास पर जाकर व्यापारियों से वातालर्प कर घटना के जल्द खुलासा दिलासा दिलाया है।

# रेलवे की जमीन में बना अमरनाथ शिक्षण संस्थान का गेट, तोड़ने पहुंचे रेलवे अधिकारी



मथुरा में रेलवे की भूमि में बना अमरनाथ शिक्षण संस्थान का गेट तोड़ने के लिए रेलवे के अधिकारी बुलडोजर के साथ पहुंचे। संस्थान के स्टाफ ने गेट रेलवे की भूमि में नहीं होने का विरोध जताया। इस दौरान हंगामा हो गया। रेलवे के सहायक कार्यकारी अभियंता निर्माण राघवेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में रेलवे की जमीन से कब्जा हटाया जा रहा है। यहां पर रेलवे चौथी लाइन का विस्तार कर रहा है। बृहस्पतिवार को आरपीएफ औ? जीआरपी की टीम अधिकारियों के साथ यहां पहुंची। शिक्षण संस्थान के स्टाफ ने दीवार नहीं तोड़ने को लेकर काफी विरोध जताया। इसके साथ ही रेलवे अधिकारियों के साथ काफी नोकझोंक हुई। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक अवधेश गोस्वामी ने बताया कि नई लाइन का विस्तार किया जा रहा है। इसके चलते रेलवे की जमीन में बना अमरनाथ शिक्षण संस्थान के गेट तोड़ने के लिए अधिकारी आए, जिससे रेलवे लाइन का कार्य तेजी से हो सके।

# महिला मित्र संग देख दारोगा को हाइवे पर पीटने वाला निक्की मुठभेड़ में गिरफतार

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

मेरठ। सरधना के भूनी चौराहे पर होटल पैराडाइज में महिला मित्र से मिलने पहुंचे चौकी इंचार्ज अमित मलिक को हाईवे पर लाकर पीटने वाले आठ आरोपितों में एक निक्की तालियान को पकड़ने गई पुलिस टीम पर आरोपित ने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। थाना सरूरपुर एवं सरधना में आर्म्स एक्ट, सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने एवं धमकी देने के आठ मुकद्दमें दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि ब्रहमपुरी थाने में तैनाती के दौरान दारोगा अमित मलिक की ब्रहमपुरी क्षेत्र में ही रहने वाली तीन बच्चों की मां एक महिला उसके सम्पर्क में आ गई थी। कल दरोगा ने उक्त महिला को मिलने के लिए होटल पैराडाइज में बुलाया था जहां वहीं के कुछ युवक विवाद होने पर दरोगा को होटल से खींचकर भूनी फलाईओवर के



पास ले गये थे। वहां पर चौकी प्रभारी की पिटाई भी उक्त युवकों ने की थी । पिटाई के दौरान हिस्ट्रीशीटर अरूण तालियान ने अपने साथियों के संग दारोगा की पिटाई की विडियो भी बनाई। इस मामले के प्रकाश में आने के बाद एसएसपी डॉ0 विपिन ताड़ा ने दरोगा को लाइन हाजिर करते हुए जांच एसपी देहात को सौंप दी थी। सरूरपुर थाने पर दर्ज इस मुकद्दमें में धारा 115(2)/352/351(2)/351(3)/109(1)/309(4) बीएनएस के तहत आरोपी निक्की तालियान उर्फ विशाल पुत्र नरेन्द्र निवासी ग्राम छुर्र थाना सरधना जिला मेरठ को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी गयी तो अभियुक्त निक्की तालियान उर्फ विशाल पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमन्चा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अन्य अभियुक्तों की गिरफतारी के लिए निक्की तालियान की निशादेही पर गिरफ्तार करने के लिए जा रहे थे तभी अभियुक्त द्वारा पुलिस पार्टी से सर्विस पिस्टल छीनकर पुनः जान से मारने की नीयत से फायर किये । आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त निक्की तालियान उर्फ विशाल उपरोक्त के पैर में गोली लगने पर वह घायल हो गया और पुलिस ने उसे गिरफतार कर लिया ।

# जिला अस्पताल में लू के मरीजों के लिए नहीं बना स्पेशल वार्ड, हो रहे परेशान

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। जिला अस्पताल में लू के मरीजों के लिए विशेष वार्ड की व्यवस्था नहीं की गई। सामान्य वार्ड, डेंगू वार्ड में इन मरीजों को भर्ती किया जा रहा है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्च के अंतिम सप्ताह में शासन ने सभी सरकारी अस्पतालों में लू लगने से बीमार होने वालों के लिए विशेष वार्ड बनाने का आदेश दिया था। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर कोई असर नहीं है। जिले में अधिकतम तापमान



प्रतिदिन 40 डिग्री से ऊपर पहुंच रहा है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 15 से अधिक मरीज आ रहे हैं। पिछले साल जिला अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड के जिस केबिन में लू के मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था की गई थी, वहां पर फिलहाल डेंगू के मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। इस वार्ड में कूलर और एसी की व्यवस्था नहीं है। जबकि लू के मरीजों को जिस वार्ड में भर्ती किया जाना है, उसमें कूलर व एसी का चलना जरूरी होता है। इसके बिना मरीज को राहत नहीं मिलती है। यदि समय से वार्ड नहीं बनाया जाएगा तो मरीज के आने पर इलाज में असुविधा होगी। सामान्य वार्ड में भी भर्ती रोगियों के लिए भी कूलर की व्यवस्था नहीं की गई है। सिर्फ पंखे ही सहारा बने हैं। ऐसे में इसमें भर्ती मरीज परेशान हो रहे हैं। गर्मी की वजह से मरीजों की बीमारी ठीक होने के बजाय बढ़ सकती है। यह जानते हुए भी स्वास्थ्य विभाग कोई व्यवस्था नहीं बना रहा है। डॉ. मुकुंद बंसल, सीएमएस ने कहा,

इमरजेंसी में 10 बेड के डेंगू वार्ड में हीट वेव के मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था की गई है। अधिक मरीज आने पर अलग से वार्ड तैयार करने की व्यवस्था की जाएगी।

# जिला चिकित्सालय ललितपुर में अव्यवस्था का आलमः मरीजों को मिल रही है लंबे इंतजार और भूख-प्यास की सजा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



ललितपुर (विशेष संवाददाता): जिला चिकित्सालय ललितपुर में मरीजों अर उनके तीमारदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है अस्पताल प्रशासन की लापरवाही अर अव्यवस्था के चलते न तो डॉक्टर समय पर उपलब्ध होते हैं अर न ही मरीजों का परचा (डढऊ कार्ड) बनने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल पाती है इसकी वजह से अस्पताल परिसर में तीमारदारों की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं, जिन्हें घंटों इंतजार करने के बाद भी इलाज नसीब नहीं होता

**डॉक्टर्स की गैर-मजूदगी, मरीजों का रोज बढ़ता दर्द**

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि जिला चिकित्सालय के अधिकांश डॉक्टर्स समय पर अपनी ड्यूटी पर नहीं बैठते ओपीडी में मरीजों की संख्या अधिक होने के बावजूद डॉक्टर्स देरी से आते हैं या फिर कई बार बिना सूचना के छुट्टी ले लेते हैं इससे मरीजों को अनावश्यक रूप से लंबा इंतजार करना पड़ता है कई बुजुर्ग अर गंभीर रोगी बिना इलाज के ही लटने को मजबूर हो जाते हैं

**परचा बनवाने में हो रही दिक्कत, तीमारदारों की हालत खराब**

मरीजों का परचा बनवाने की प्रक्रिया भी अत्यंत धीमी चल रही है कर्मचारियों की कमी अर काम में लापरवाही के कारण तीमारदारों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है गर्मी अर भीड़भाड़ के बीच कई लोगों को भूख-प्यास से जूझना पड़ रहा है अस्पताल परिसर में न तो पीने के पानी की उचित व्यवस्था है अर न ही बैठने की पर्याप्त जगह

**प्रशासन की सुस्त रवैया, जनता में आक्रोश**

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या के बारे में प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ जिला अस्पताल की इस लापरवाही से आम जनता में गुस्सा है कई लोगों ने धमकी दी है कि अगर जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी, तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे

**स्वास्थ्य अधिकारियों का बयान**

इस मामले पर जब जिला स्वास्थ्य अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि ₹मरीजों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है अर जल्द ही सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे₹ हालांकि, अब तक के अनुभवों के आधार पर मरीजों को इस बयान पर संदेह है

ललितपुर जिला चिकित्सालय की हालत सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलती नजर आ रही है जरूरत है कि प्रशासन तुरंत कड़े कदम उठाए अर मरीजों को समय पर बेहतर इलाज मुहैया कराए, वरना जनता के आक्रोश को रोक पाना मुश्किल होगा।

# डीएम ने नेताओं के साथ किया ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम और वीवी पैट वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में तैनात सुरक्षा कर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटि करने के लिए निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया कि सभी लोग मुस्तैदी के साथ ड्यूटि करें। साथ ही ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में लगे सीसी टीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया। निर्देशित किया कि कैमरों का संचालन लगातार होते रहना चाहिए तथा समस्या आने पर तुरंत अवगत कराए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव सहित अपना दल (सोने लाल) के जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सिया पटेल, बहुजन समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष प्रिंस कुशवाहा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला, नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार सोनी, नगर अध्यक्ष भाजपा रवि गुप्ता, कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष सपा लोहिया वाहिनी अमर पटेल आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को नशामुक्ति के सम्बन्ध में किया जागरूक

चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना के अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में गुरुवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलिज बरगढ में नशामुक्ति विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने विद्यार्थियों को नशामुक्ति के सम्बन्ध में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिसका समाधान जरूरी है। नशा युवाओं को प्रभावित करता है और समाज में अपराधों और हिंसा में भी योगदान देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर अपने समुदाय, परिवार, मित्र व स्वयं को नशामुक्त करने के लिए प्रेरित किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया गया कि नशा मुक्ति केंद्र नशे की लत से संघर्ष कर रहे व्यक्तियों को उनकी चुनौतियों से उबरने में सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन केंद्रों पर व्यक्तियों को मादक पदार्थों की लत से मुक्त होने और एक संतुष्ट जीवन जीने के लिए विशेष देखभाल और सहायता मिलती है। तहसील विधिक सेवा समिति के सचिव तहसीलदार मऊ रामसुधर ने बताया कि नशा, ड्रग्स और शराब जैसी बुराइयों के उन्मूलन के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और देश के विकास में भी बाधा डालता है। इसलिए नशे के खिलाफ जन आंदोलन बनाना आवश्यक है, जिसमें सभी वर्गों को सहयोग करना चाहिए। लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के सहायक न्याय रक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान सरकार एवं विभिन्न संस्थानों की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो नशे के खतरे के बारे में जागरूकता पैदा करने और नशे की लत से जूझ रहे लोगों को पुनर्वास करने में मदद करता है।

इस मौके पर विभाग प्रभारी अनन्त प्रकाश, प्रधानाचार्य एसके वैश्य, उपनिरीक्षक राधेश्याम, व्याख्याता सिविल सचिन कुमार गुप्ता, व्याख्याता मैकेनिकल इंजीनियर अमित कुमार शुक्ला, अधिकार मित्र आदित्य सिंह, आकांक्षा श्रीवास्तव, साजिया तबस्सुम, प्रियंका भरद्वाज, डॉ प्रियंका मौर्या, राजकिशोर शिवहरे, राजेन्द्र सविता, सुदेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## गरीब कन्या को नि शुल्क कोर्स ग्रामीण आंचलिया पत्रकार एसोसिएशन द्वारा उपलब्ध कराया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री कमलेश त्रिपाठी के निर्देशन एवं श्री अरविंद कुमार संज्ञा मंडलीय अध्यक्ष के दिशा निर्देशन मैं स्वामी विवेकानंद कन्या हाई स्कूल में गरीब कन्या को नि शुल्क कोर्स ग्रामीण आंचलिया पत्रकार एसोसिएशन द्वारा उपलब्ध कराया गया जिससे कन्या को पड़ने में कोर्स के ना होने पर शिक्षा में कोई रुकावट न आए श्री अरविंद कुमार संज्ञा मंडलीय अध्यक्ष ग्रामीण आंचलिया पत्रकार एसोसिएशन ने युवाओं को उद्बोधन देते हुए कहा कि गरीब परिवार की कन्याओं को किसी न किसी रूप में हमारी एसोसिएशन सहायता करती रहेगी श्री अरविंद कुमार सक्सेना जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम लोग गर्मियों में पानी पिलाने की कोशिश भी करेंगे बबिता ओझा जिला सचिव ने कहा कि भूखों को रोटी देने का काम भी मैं करेंगे जिससे गरीबों का पेट भर सके और आम आदमी भी देश की उन्नति मै अपना योगदान दे सके कार्यक्रम मैं मिंटू बाल्मिकी जिला पदाधिकारी ,सौरभ जेजुरकर जिला पदाधिकारी,अशोक कुमार खरे जिला उपाध्यक्ष,अंबिका श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष, डॉक्टर राम कुमार खरे जिला महासचिव,जितेंद्र सोनी जिला पदाधिकारी, सुनीता सोनी,रेखा परिहार प्रियांशी रायकवार,पिंकी रायकवार आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन बबिता ओझा ने किया और आभार मिंटू बाल्मिकी,और सौरभ जेजुरकर ने किया

## ऋण के लिए करें आवेदन

चित्रकूटः जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अर्न्तगत माटीकला से सम्बन्धित व्यवसायिक गतिविधियों का कार्य करने वाले लोगों को व्यक्तिगत निर्माण/उत्पादन इकाई स्थापित करने के लिए शासन द्वारा अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण बैंको के माध्यम से दिया जाएगा। जिसमें लाभार्थी का अंशदान 5 प्रतिशत तथा शेष 95 प्रतिशत बैंक ऋण अनुमन्य होगा। नियमानुसार पूंजीगत ऋण पर 25 प्रतिशत मार्जिन मनी (अनुदान) राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। बताया कि इस योजना में पांच लाख रुपये का ऋण प्राप्त करने के लिए लाभार्थी का साक्षर होना एवं पांच लाख से अधिक के ऋण के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा-आठ पास होना अनिवार्य है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थी अपने सम्बन्धित प्रपत्रों के विवरण से माटी कला बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। साथ आवेदन के बाद सम्बन्धित प्रपत्रों की छायाप्रति जिला ग्रामोद्योग कार्यालय चित्रकूट में जमा करना अनिवार्य है।

# विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासनिक विलम्ब समिति के सभापति ने ली समीक्षा बैठक



चित्रकूट ब्यूरोः उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की बैठक समिति के सभापति पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सभापति ने सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बैठक में जिला उद्यान अधिकारी व जिला युवा कल्याणकारी के अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक से पूर्व जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई दुर्घटना पर मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सभापति ने समस्त कार्यालय के लम्बित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में डिफेंस कॉरिडोर के तहत किसानों को भुगतान की जानकारी ली। जिस पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने कहा कि लगभग 80 प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। रामबन गमन मार्ग परियोजना के संबंध में अधिकारी राकेश कुमार पाठक ने बताया कि यह दो चरणों में अधिग्रहण किया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण में 46 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। सेकंड चरण में 74 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। शेष लक्ष्य जल्द ही प्राप्त कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी से कहा कि किसानों के साथ मीटिंग बुलाकर समझाएं एवं भुगतान कराएं।

सभापति ने पुलिस विभाग से संबंधित आरक्षियों के भुगतान संबंध में जानकारी ली। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पांच लोगों को छोड़कर सभी लोगों का भुगतान कर दिया गया है। सभापति ने कहा कि लोगों का भुगतान नहीं हुआ है, उन्हें बुला कर वार्ता कर समाधान करें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत से कहा कि जनपद में साफ-सफाई बनी रहनी चाहिए। वन विभाग को निर्देशित किया कि पर्वतों पर के वृक्ष लगाकर सौंदर्यीकरण करें। साथ ही उपस्थित सभी विभागों के सम्बन्धित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला उद्यान अधिकारी व जिला युवा कल्याणकारी के अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में समिति के सदस्य उमेश द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य डॉ केपी श्रीवास्तव, वीकान सिंह, सलिल बिश्नोई, जितेंद्र सिंह सेंगर, मानिकपुर विधायक अविनाश चतुवेर्दी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अनुसचिव सतीश यादव, निजी सचिव कपिल श्रीवास्तव, प्रतिवेदक सुधीर, समीक्षा अधिकारी मनोज गिल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के तरौंहा स्थित गोपाल कुंज में गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा के शुभारम्भ के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूजा-अर्चना करते हुए कलशों में नदी का जल भरकर महिलाओं ने अपने सिर पर धारण करते हुए नगर भ्रमण किया। इसके बाद जोधपुर के कथावाचक सिद्धार्थ महराज से श्रोतागणों को प्रथम दिन की कथा का रसपान कराया। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक गोविंद करवरिया ने बताया कि गुरुवार की सुबह नौ बजे शोभा यात्रा आवास से गाजे-बाजे के साथ करवरिया घाट पहुंची, जहां पूजा-अर्चना कर कलशों में नदी का पवित्र जल भरकर महिलाओं ने अपने सिर पर धारण किया। इसके बाद नगर भ्रमण करते हुए शोभा यात्रा कथा स्थल पर पहुंची। जहां जोधपुर के कथा वाचक सिद्धार्थ महराज ने श्रोतागणों को श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य की कथा सुनाई। कथा वाचक ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से सभी पापों का नाथ होता है तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस मौके पर धेमेंद्र करवरिया, इंदत्त गर्ग, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय करवरिया, संगीता करवरिया, नर्वदा पयासी, विष्णु करवरिया, बब्बू पांडेय, जितेंद्र करवरिया सहित साधू-संत व श्रद्धालु मौजूद रहे।

## डॉ अम्बेडकर और सामाजिक समरसता विषय पर हुआ व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

चित्रकूट ब्यूरोः जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में दर्शन विभाग एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के संदर्भ में गुरुवार को ह्यह्यडॉ. अम्बेडकर और सामाजिक समरसता विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम में हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ पीयूष कुमार द्विवेदी ने कहा कि डॉ अम्बेडकर भारतीय राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे तथा हिन्दू एकता के स्तर पर सावरकर और अम्बेडकर की विचारधारा एक थी, जो सामाजिक समरसता का सर्वोत्तम उदाहरण है। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने डॉ अम्बेडकर की आर्थिक सुधार संबंधी दूरदर्शी सोच को स्पष्ट करते हुए कहा कि उन्होंने ग्रामीण विकास एवं तकनीकी विकास पर जोर दिया था।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

# जनपद में प्रस्तावित एआरपी परीक्षा सूची की अनियमितताओं को किया जाए दूर - विनोद निरंजन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



(ललितपुर) उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद ललितपुर (संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली )के जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन ने बताया कि जनपद में 25 अप्रैल को प्रस्तावित एआरपी परीक्षा में संबंधित पटल प्रभारी द्वारा की गई मनमानी एवं पक्षपात पूर्ण तरीके से सूची निर्गत की गई है।उन्होंने बताया कि विज्ञप्ति संख्या समग्र शिक्षा 3927- 33/
2024- 25 दिनांक 5-2-2025 के अनुसार निर्गत सूची में पटल प्रभारी योगेंद्र मिश्रा द्वारा जानबूझकर अध्यापकों के शोषण की दृष्टि से अनियमितता की गई है।विज्ञप्ति में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि आवेदन कर्ता को सेवानिवृत होने में न्यूनतम 10 वर्ष शेष हो जबकि 50 वर्ष से भी अधिक के अध्यापकों को अनर्ह कर दिया गया है। कुछ शिक्षकों जो स्नातक पीसीएम से
हैं उनको भी संबंधित विषय में आवेदन के उपरांत अनर्ह कर दिया गया। विभिन्न आवेदन कर्ता के नाम अर्ह व अनर्ह सूची दोनों में से गायब हैं।ऐसी स्थिति में शिक्षक असमंजस में है। अनुशासनात्मक कार्यवाही में अनर्ह आवेदन कर्ता को भी क्या माना जाए। जिस पर कार्यवाही गतिमान है,यदि कार्यवाही निस्तारित कर दी गई है तो आवेदन कर्ता सही अर्ह माना जाए। इन समस्त समस्याओं के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने पटल प्रभारी से पूर्ण निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है।

संगठन द्वारा दिए गए ज्ञापन पर बीएसए ने आश्वासन देते हुए कहा कि एक समिति गठित कर अगली दिनांक में परीक्षा आयोजित की जायेगी।इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन, जिला कोषाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, विनय ताम्रकार,इंदर सिंह पटेल,सत्येंद्र जैन,संतोष निरंजन,गौरीशंकर सेन,जितेंद्र जैन, अवनीश कुमार,अंतिम जैन,अमित जैन,मोहम्मद जमशेद,महेश सोनी,अंतरिक्ष खैरा मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर तुवन मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

## 21अप्रैल से बालाजी मंदिर पर हो रहा भागवत कथा का आयोजन 28अप्रैल को होगा समापन ।

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

ललितपुर । तालाबपुरा में डोंडा घाट पर स्थित श्री 1008 बालाजी महराज मंदिर पर श्रीधाम वृंदावन से आए कथा व्यास पडित श्री जयकिशन दास जी महराज के द्वारा 21 अप्रैल से 28 अप्रेल तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा । सोमवार की सुबह 10बजे तुवन मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया ।

कलश यात्रा के सुभारंभ से पूर्व भागवत पुराण का कथा व्यास श्री जयकिशन दास जी की मौजूदगी में मुख्य यजमान दीपक पाठक पंडा जी एवं ममता पाठक पड़ा सापत्नीक तुवन मंदिर पहुंचे वहां पर श्री शिवम कृष्ण शास्त्री जी द्वारा विधि विधान से मंदिर में विराजे भगवान का एवं श्रीमद्भागवत पुराण का पूजन कराया गया ।

पूजन के उपरांत तुवन मंदिर से गाजे बाजे के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई ।

कलश यात्रा में आगे आगे डीजे चल रहा था पीछे बेंड बाजे चल रहे थे ।कलश यात्रा में कथा के मुख्य यजमान दीपक पाठक पंडा जी भागवत जी को अपने सिर रखकर चल रहे थे ।साथ में श्रद्धालु माता बहिनें अपने सिर पर कलश रखकर भजन गाती चल रही थी ।

इनके पीछे घोड़ा बग्घी पर बैठकर श्रीधाम वृन्दावन से आए कथा व्यास जयकिशन दास जी महराज चल रहे थे । कलश यात्रा तुवन से होते हुए नरसिंह मंदिर होते हुए निकलते हुए बालाजी मंदिर पहुंची इस दौरान श्रृद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया साथ ही जगह जगह सभी को शीतल जल पिलाया गया । डोंडा घाट पर बालाजी मंदिर पहुंचकर भागवत जी का पूजन अर्चन किया गया । इस दौरान श्रृद्धालु माता बहिनों के द्वारा खूब नृत्य किया गया

भागवत पोथी को कथा स्थल पर ले जाने के बाद कलश यात्रा का समापन किया गया ।

संध्या काल में कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास जयकिशन दास जी महराज ने कथा पंडाल में उपस्थित श्रृद्धालुओं से कहा की बहुत ही सौभाग्य से कथा कराने और श्रवण करने को मिलती हैं ।श्रीमद्भागवत कथा को कभी मनोरंजन में नहीं लेना चाहिए यह मनोरंजन का साधन नहीं है ।यह कल्प वृक्ष के समान है और साक्षात भगवान कृष्ण है ।श्रीमद्भागवत कथा को पूरी श्रृद्धा और नियम संयम के साथ कराना चाहिए ।और कथा श्रवण के साथ साथ हमें अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। उन्होंने मुख्य यजमान और कलश रखने वाली माता बहिनों को नियम बताए ।उन्होंने अंत में आज की पीढ़ी के नौजवानों की शिक्षा और संस्कार पर चर्चा करते हुए कहा की आजकल के बच्चे अच्छी अच्छी शिक्षा तो ग्रहण कर रहे हैं। लेकिन संस्कारों की कमी होती जा रही है ।

जबकि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी बहुत जरूरी । कलश यात्रा में शिवम कृष्ण शास्त्री जी ।राम लखन नागाईच पुजारी जी राजेन्द्र दीक्षित ,रमेश श्रीवास्तव ,कबीर सिंहा ,राकेश रैकवार राकेश सैनी देवेन्द्र पाठक, सुधीर श्रीवास्तव ,सुरेन्द्र कुमार खेरा विजय प्रकाश चौबे , श्रीमती ममता पाठक ,बंदना तिवारी ,रीता सोनी ,सरोज ,प्रिया कश्यप सहित बड़ी संख्या में माता बहिनें उपस्थित रहीं।

# पहलगांव आतंकी हमले के विरोध में गुड़ा के भैरूजी बस स्टैंड पर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

झुंझुनूं। पहलगांव में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को गुड़ा ग्राम पंचायत के भैरूजी बस स्टैंड पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व उप प्रधान प्रतिनिधि महिपाल सिंह एवं सामाजिक कार्यकर्ता ब्रह्मदत्त मीणा गुड़ा ने किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की और केंद्र सरकार से आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। उपस्थित जनसमूह ने शहीद हुए



सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन भी रखा।इस अवसर पर महिपाल सिंह ने कहा कि हम आतंकवाद के इस कायराना हमले की कड़ी निंदा करते हैं। देश के वीर जवानों की शहादत को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। वहीं ब्रह्मदत्त मीणा गुड़ा ने कहा, गांव-गांव में देशभक्ति की अलख जलानी होगी और आतंकवाद के खिलाफ जनता को जागरूक करना होगा। प्रदर्शन में युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपने दृढ़ संकल्प से यह संदेश दिया कि देश की एकता और अखंडता के साथ कोई भी खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्रदर्शन करने वालों में मुकेश मीणा, घनश्याम नायक, सुरेश वर्मा, ईश्वर ईमलोवा, विकास जांगिड़, अजय जेदीया, पिंटू सिलोलिया, अशोक मीणा, लीलू शर्मा, जीतू जांगिड़, प्रिंस सिलोलिया, सोनू डोई, महिपाल खलवा, शंकर सैनी, मूलचंद सैनी, लीलू राम, प्रकाश सैनी साहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# आतंकवादीयो का न दीन होता है, ना इमान होता है - सत्येश शर्मा

## बूंदी अर्बन बैंक में हुई श्रद्धांजलि सभा

ब्यरो -एनपीटी

बूंदी! दी बूंदी अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड बूंदी में बैंक अध्यक्ष श्री सत्येश शर्मा की अध्यक्षता में पहलगांव (कश्मीर) में हुए आतंकी हमले में 26 निर्देश लोगों की दर्दनाक मृत्यु होने पर श्रद्धांजलि सभा हुई।

बैंक उपाध्यक्ष युद्धराज सोनी ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में आतंकवादी घटना की कठोर शब्दों में निंदा की गई। बैंक अध्यक्ष सत्येश शर्मा ने कहा कि



आतंकवादियों का ना दीन होता है, ना इमाम होता है, ना जाति धर्म होता है। इनका मकसद देश में अशांति फैलाना होता है हम सब देश में अमन चैन, भाईचारे के लिए इस घटना की घोर निंदा करते हैं। श्रद्धांजलि सभा में बैंक निदेशक लक्ष्मी चंद गुप्ता, राजेंद्र बाहेती, राजेंद्र भारद्वाज, गयासुद्दीन अंसारी, विकास सुरलाया, इदरीश बोहरा, टीकम जैन तथा बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र सिंह हाडा सहित बैंक के सभी अधिकारीयों व कर्मचारियों ने आतंकवादी घटना में जान गवाने वाले सभी लोगों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की!

# जुड़वां बेटियों सहित पत्नी को रोड पर छोड़ गया पतिः एक बेटी को चारपाई से फेंका लेकिन बच गई, पहले से दो बेटे भी



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

अलवर के मालाखेड़ा के निकट मोरेड़ा गांव के युवक अपनी दो जुड़वां नवजात बेटियों सहित पत्नी को रोड पर छोड़कर चला गया। पहले घर में नवजात को चारपाई से नीचे फेंका। फिर भी वह बच गई। उसके बाद पत्नी को बेटियों को जन्म देने की सजा देते हुए उसे घर से बाहर कर दिया। अब दोनों नवजात अलवर के शिशु अस्पताल में भर्ती हैं। महिला का पिहर अलवर शहर में दिल्ली दरवाजा गंगामंदिर के पास है। जिसके माता-पिता नहीं है। 2020 में दादी ने ही शादी की थी।

महिला प्रिया ने कहा कि बेटियां होने के बाद उससे मारपीट करता रहा। अब अचानक तूलेड़ा रोड पर बाइक पर छोड़ गया। दो बेटियां एक साथ हो गई। इसी बात से पति नाराज है। जबकि पहले से दो बेटे भी हैं। पति कहता है कि बेटियां नहीं चाहिए। एक बेटी को चारपाई से नीचे फर्श पर फेंक दिया। नवजात सिर के बल नीचे गिरी। अब दोनों बेटियां जिला अस्पातल में भर्ती है। बेटियां का जन्म 26 मार्च को हुआ था। 22 मार्च को तूलेड़ा बाइपास पर छोड़ गया। दोनों बेटों को साथ लेकर आया था। लेकिन उनको जबर्दस्ती वापस लेकर चला गया। उसके बाद बुआ को सूचना दी। फिर दिल्ली दरवाजा से दादी आई। बेटियों को शिशु अस्पताल में भर्ती कराया है। उसके बाद पति नहीं आया है

महिला के पति का नाम समय सिंह है। जो मालाखेड़ा के मोरेड़ा गांव का है। दोनों की शादी 7 मई 2020 को शादी हुई थी। मां-बाप पहले से नहीं है। महिला का चाचा इस्माइलपुर गांव में रहता है। शादी भी दादी ने की थी। बुआ तूलेड़ा में है। अब अस्पताल में दादी व बुआ साथ हैं। अस्पताल के डॉक्टर का कहना है कि नवजात को बाहरी चोट नहीं है। अंदरुनी चोट होगी तो जांच में सामने आएगा। महिला के परिचित तूलेड़ा निवासी जगदीश जाटव ने बताया कि सदर थाना पुलिस को शिकायत दी है। अब पुलिस मामले की जांच करेगी।

# पहलगाम में आतंकी हमला पर आक्रोशःकिशनगढ़ -बास में कांग्रेस विधायक खैरियाऔर कार्यकताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंका

खैरथल -तिजारा(किशनगढ़बास): पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले को लेकर कांग्रेसी कार्यकताओं ने विधायक खैरिया की मौजूदगी में श्रद्धांजलि दी एवं आतंकवादियों का पुतला जलाया। विधायक खैरिया के निजी सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटको पर हमला किया गया जिसमें दो दर्जन से अधिक लोग मारे गए। जिसके लेकर गुरुवार को गंज रोड पर स्थित जगदंबा परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक दीपचंद खेरिया ने केंद्र सरकार को इस ओर मजबूत कदम उठाने की मांग की। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने वक्तव्य



दिए। साथ ही 2 मिनट का मौन धारण कर हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद जगदंबा कॉम्प्लेक्स से गंज रोड, अस्पताल के सामने से होते हुए तोप चौराहे पर आतंकवादियों का पुतला जलाकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रधान बद्री प्रसाद सुमन, पीसीसी सदस्य गिरीश डाटा, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप पाटिल, कोटकासिम ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर, खैरथल शहर अध्यक्ष शिवचरण गुप्ता, किशनगढ़बास शहर अध्यक्ष संस्कार अग्रवाल,नपा नेता प्रतिपक्ष उमेश यादव, कृषि उपजमंडी के पूर्व चेयरमैन घीसाराम भड़ाना, जिला राजमिस्त्री मजदूर यूनियन के अध्यक्ष धीरू भाई, पूर्व सरपंच अजय चौधरी, प्रकाशचन्द, सरपंच फूलसिंह चौधरी, किसनानेता शेरसिंह चौधरी,नूरमोहम्मद हल्लू, इस्माइल खान,नवीन खैरिया, नारायणदास छंगाणी, भागेन्द्र खैरिया, संदीप अग्रवाल, आसमदीन, नितिन यादव, सुनील सांवरिया, अभय यादव, परसराम चौधरी, उमाशंकर शर्मा, त्रिभुवन शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवसः पंडित नेहरू ने किया बापू के सपने को पूराः विधायक खैरिया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथल-तिजाराः राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर किशनगढ़ बास विधायक कार्यालय पर स्वराज संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर बोलते हुए वक्ताओं ने बताया इस दिन को ग्रामीण स्वशासन के प्रतीक के रूप में देखा जाता है. राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस की शुरूआत 24 अप्रैल 1993 को हुई थी जब 73वां संविधान संशोधन अधिनियम लागू हुआ था. इस संशोधन के जरिए पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिया गया और पूरे देश में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अपनाया गया. साल 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 2010 में इस दिन को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय पंचायत दिवस के रूप में घोषित किया और तब से यह दिन हर साल 24 अप्रैल को मनाया जाता है.

पंडित नेहरू ने किया था गांधी के सपने को पूरा : किशनगढ़ बास विधायक दीपचन्द खैरिया ने स्वराज संवाद कार्यक्रम में कहा कि महात्मा गांधी ने जिस स्वराज ग्राम के सपने को देखा था, उसे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने पूरा किया था. पंडित नेहरू ने पंचायती राज की शुरूआत 2 अक्टूबर 1959 को नागौर जिले के बगड़ी गांव से की थी और तब नाथूराम मिर्धा पहले सरपंच बने थे. इसी दिन पंडित नेहरू ने पंचायती राज व्यवस्था की औपचारिक शुरूआत की थी.

पंचायती राज दिवस के अवसर पर ₹स्वराज संवाद कार्यक्रम₹ मे विधायक दीपचंद खैरिया, गिरीश डाटा हल्लू सारपाचा,ईस्माइल खां,नारायण छागाणी, प्रधान बीपी सुमन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की भारी भागीदारी देखने को मिली।

# कल सेन जयंती पर सेन मंदिर में होगी पूजा अर्चना

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

झुंझुनूं उदयपुरवाटी। कस्बे में स्थित सेन मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कल सेन महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। सेन समाज के कैलाश चंद्र मावतवाल एवं अनिल सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार सेन मंदिर में सेन महाराज की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरित किया जाएगा।

# वन मंत्री ने 27 अप्रैल को सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर की प्रस्तावित यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों का लिया जायजा

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

अलवर 24 अप्रैल ।पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने प्रताप ऑडिटोरियम में पहुंचकर 27 अप्रैल को सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर की अलवर में प्रस्तावित यात्रा के तहत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया।

मंत्री शर्मा ने प्रताप ऑडिटोरियम में पहुंच कर यूआईटी व पुलिस के



अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों के संदर्भ में चर्चा कर निर्देशित किया कि कार्यक्रम प्रवेश, बैठक, मंच, ई लाइब्रेरी के वर्चुअल उद्घाटन की व्यवस्था आदि के साथ रूट व लाइब्रेरी के निरीक्षण की पुख्ता तैयारियां करना सुनिश्चित करें। उन्होंने की जा रही व्यवस्थाओ का बारीकी से जायजा लिया।

इस दौरान केंद्रीय वन मंत्री के निजी सहायक नितिन चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक अंगद, यूआईटी के अधिशाषी अभियंता अशोक मदान व कुमार संभव अवस्थी, पं. जले सिंह, सतीश यादव, अमित गोयल, अरुण जैन मौजूद रहें।

# खैरथल-तिजाराः गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव - जिला कलेक्टर ने जारी किए आदेश




ब्यरो -एनपीटी

खैरथल-तिजारा, 24 अप्रेल। भीषण गर्मी और लू की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए, जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कार्यालय शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा दिनांक 09 अप्रैल को जारी दिशा-निदेर्शों की अनुपालना में जिला कलक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष किशोर कुमार (कअर) ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए स्कूल समय में परिवर्तन के आदेश जारी किए हैं।

आदेशानुसार, खैरथल-तिजारा जिले के समस्त राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों में कक्षा प्री-प्राइमरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय का समय दिनांक 25 अप्रैल से सत्रांत तक प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 11:15 बजे तक निर्धारित किया गया है। हालांकि, कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं, विद्यालय स्टाफ एवं अन्य संचालित परीक्षाओं का समय पूर्ववत यथावत रहेगा।

जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया है कि इन आदेशों की अवहेलना करने वाले किसी भी राजकीय या गैर-राजकीय विद्यालय के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन का यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया है, ताकि बढ़ती गर्मी और संभावित लू के प्रभाव से उन्हें सुरक्षित रखा जा सके।

# जम्मू कश्मीर में पर्यटकों पर हुए हमले को भाजपा युवा नेता पवन धाकड़ ने कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला बताया



ब्यरो -एनपीटी

बूंदी। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले को भाजपा युवा नेता पवन धाकड़ ने कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला बताया । कि पहलगाम हमले को अत्यंत निन्दनीय व हृदयविदारक घटना बताई व इसे मानवता के खिलाफ एक घ्रणित कृत्य बताया। धाकड़ ने ईश्वर से प्रार्थना की दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। धाकड़ ने कहा इस दुःख की घड़ी में मृतको के परिवार जनों के प्रति गहरी संवेदनाये है। इस आतंकी नरसंहार में सरकार देशवासियों के साथ खड़ी है। दोषियों को किसी भी सूरत में बक्शा नही जायेगा। सरकार कठौरतम त्वरित कार्यवाही कर आतंकवादियों एवं उनको पनाह देने वाले स्थानीय व्यक्तियों सहित सभी अपराधियों को कानून के कठघरे में खड़ा कर सख्त सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है

# कानून-व्यवस्था को लेकर कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने ली बैठक, सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी के दिए निर्देश

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

टोंक ।कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट्स पर नजर रखने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य मार्गों पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के भी आदेश दिए गए। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा ने गुरुवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में कानून-व्यवस्था को लेकर बैठक ली। इसमें जिले के सभी उपखंड अधिकारियों और ब्लॉक स्तरीय अफसरों को दिशा-निर्देश दिए गए।

# जिला कलेक्टर किशोर कुमार की गुणसार ग्राम मे रात्रि चौपाल आज

खैरथल-तिजारा : जिला कलेक्टर किशोर कमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कोटकासिम ब्लॉक के गुणसार ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रात्रि चौपाल होगी। प्रभारी अधिकारी एसडीएम रेखा यादव ने बताया कि इस रात्रि चौपाल में जनसुनवाई के दौरान जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। चौपाल के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना जाएगा। उनके समाधान के लिए कार्रवाई की जाएगी।

# अशोक गहलोत ने महेश जोशी की गिरफ्तारी को बताया 'भावनात्मक शोषण', राजनीतिक प्रतिशोध का लगाया आरोप

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

जयपुर । जयपुर- गहलोत ने इस कार्रवाई को 'राजनीतिक प्रतिशोध' बताते हुए कहा कि यह उन्हें भावनात्मक रूप से तोड़ने की कोशिश है, ताकि ईडी उनसे मनमुताबिक बयान ले सके। इस पूरे घटनाक्रम से राजस्थान की राजनीति में एक बार फिर गर्मी आ गई है और विपक्षी दलों द्वारा केंद्र की एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा जोर पकड़ रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी और प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गहलोत ने एक ट्वीट में कहा कि ईडी अब भाजपा का 'एक्सटॉर्शन डिपार्टमेंट' बन चुकी है और पूर्व मंत्री महेश जोशी की गिरफ्तारी इसका ताजा उदाहरण है।

गहलोत ने कहा कि यह गिरफ्तारी ऐसे समय की गई है जब महेश जोशी की पत्नी पिछले 15 दिनों से जयपुर के एक अस्पताल में बेहोशी की हालत में



जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जोशी ने पहले ही इच्छा जताई थी कि वह इस कठिन समय के बाद ईडी के सामने बयान देंगे। गहलोत ने इस कार्रवाई को 'राजनीतिक प्रतिशोध' बताते हुए कहा कि यह उन्हें भावनात्मक रूप से तोड़ने की कोशिश है, ताकि ईडी उनसे मनमुताबिक बयान ले सके। इस पूरे घटनाक्रम से राजस्थान की राजनीति में एक बार फिर गर्मी आ गई है और विपक्षी दलों द्वारा केंद्र की एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा जोर पकड़ रहा है।

भाजपा का एक्सटॉर्शन डिपार्टमेंट बन चुके ED द्वारा पूर्व मंत्री श्री महेश जोशी की गिरफ्तारी राजनीतिक प्रतिशोध का उदाहरण है।

यह गिरफ्तारी ऐसे समय पर की गई है जब उनकी पत्नी करीब 15 दिन से जयपुर के एक अस्पताल में बेहोशी की हालत में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही हैं।

कैसे हुई गिरफ्तारी- बता दें कि कांग्रेस नेता महेश जोशी गुरुवार दोपहर 1 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मुख्यालय पहुंचे। वे अपने निजी सहायक के साथ ईडी कार्यालय आए, जहां उनसे जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले के सिलसिले में पूछताछ की जा रही थी। लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि ईडी के द्वारा पहले भी कई बार समन भेजे गए थे, लेकिन वे व्यक्तिगत कारणों से पेश नहीं हो रहे थे।

# जगनपुर में अज्ञात बदमाशों का धावा, ग्रामीण पर फायरिंग कर भागे

## ग्रामीणों व बदमाशों के बीच हुई कई राउंड फायरिंग, जाग होने पर चोरी की घटना को अंजाम देने में नाकाम रहे बदमाश



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** गांव जगनपुर में अज्ञात बदमाशों ने दो ग्रामीणों के मकानों पर धावा बोल दिया। जाग होने पर बदमाश ग्रामीणों पर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। ग्रामीणों व बदमाशों के बीच कई राउंड फायरिंग हुई है। वहीं, कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है।

गुरुवार तड़के करीब सवा दो बजे क्षेत्र के गांव जगनपुर में चार अज्ञात बदमाश ग्रामीण जरनैल उर्फ नीटू के घर के अंदर घुस आए। ग्रामीण जरनैल परिवार के साथ में घर के अंदर सोया हुआ था। बदमाशों ने अपने चेहरे कपड़े से ढक रखे थे। इसी दौरान जरनैल का चचेरा भाई करनैल जाग गया और उसने बदमाशों को देखकर शोर मचा दिया। शोर सुनकर घर के अंदर सोया जरनैल भी जाग गया और उसने घर के अंदर मौजूद एक बदमाश को पकड़ लिया। बताया गया है कि बदमाशों ने हवाई फायरिंग करके पकड़े गए अपने साथी को ग्रामीण से छुड़ा लिया। फायर की आवाज सुनकर अन्य ग्रामीण भी जाग गए। इसी दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश चौहान ने अपने लाइसेंसी असलहे से कई राउंड हवाई फायरिंग की। बताया गया है कि इसी दौरान राकेश चौहान का भाई नरेश बदमाशों को पकड़ने के लिए आगे बढ़ा, जिस पर एक बदमाश ने उस पर फायर झोंक दिया, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। बदमाश अपने आपको घिरता देख हवाई फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। वहीं, मामले की सूचना पर कोतवाली पुलिस रात्रि में ही गांव में पहुंची। जहां पर पुलिस टीम ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी हासिल की। आरोप है कि बदमाशों ने जरनैल के घर के पास में स्थित ग्रामीण संजीव के घर में भी सेंध लगाई थी। जहां से उन्होंने एक हजार रुपये की कीमत की घड़ी चोरी की है। बदमाशों ने ग्रामीण जरनैल व संजीव के घर में रखे सामान को फर्श पर बिखेर रखा था। दोनों मामलों की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। रात्रि में ही पुलिस टीम गांव में पहुंची थी।

### सीसीटीवी में कैद हुए चारों नकाबपोश बदमाश

जगनपुर में ग्रामीणों के मकान पर धावा बोलने वाले बदमाश वहां एक ग्रामीण के आवास पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए। कैमरों में घटना को अंजाम देने पहुंचे बदमाशों की संख्या चार नजर आ रही है। चारों बदमाशों ने अपने चेहरे कपड़े से ढक रखे हैं। सीसीटीवी फुटेज में एक जगह तीन बदमाश खड़े हुए नजर आ रहे है, जबकि उनका चौथा साथी दीवार फांदकर मकान के अंदर घुसा हुआ था। अंदर घुसे बदमाश ने ही मकान का मुख्य द्वार खोलकर अपने अन्य साथियों को अंदर दाखिल कराया था। जाग होने पर बदमाश ग्रामीणों के ऊपर दुस्साहसिक तरीके से फायरिंग करके भागते हुए नजर आ रहा है। घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## घर में घुसकर हमला करने व कपड़े फाड़ने का आरोप

कैराना। कस्बे के मोहल्ला छड़ियान निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि बुधवार शाम करीब पांच बजे उसका पुत्र सलमान अपने साथी रिजवान के साथ मकान के सामने बैठकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के ही सगे भाइयों समेत आधा दर्जन लोग ईंट, कुल्हाड़ी, धारदार हथियार आदि से लैस होकर वहां पहुंचे। आरोपियों ने आते ही उसके पुत्र सलमान व रिजवान पर हमला कर दिया, जिसमें वह दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर वह मौके पर पहुंची। आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौच व मारपीट की। पीड़िता ने आरोपियों पर अश्लील हरकत करने तथा कपड़े फाड़ने का आरोप भी लगाया है। वहीं, पुलिस ने तहरीर प्राप्त करके अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# विरोध की आशंका के चलते वापिस लौटी हरियाणा पुलिस

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** हरियाणा के जनपद पानीपत से आई अपराध शाखा की टीम सरार्फा व्यापारियों के विरोध की आशंका के चलते कोतवाली से ही बैरंग वापिस लौट गई। सरार्फा व्यापारियों ने चार दिन पूर्व हरियाणा पुलिस पर बिना वजह उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था।

गुरुवार को हरियाणा के जनपद पानीपत से अपराध शाखा की टीम एसआई राजपाल सिंह के नेतृत्व में कैराना कोतवाली पहुंची। जहां पर टीम ने आमद दर्ज कराई। इसके पश्चात, टीम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह से मुलाकात की तथा कस्बे के सरार्फा बाजार में छापेमारी की बात कही। बताया जा रहा है कि कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बिना किसी ठोस साक्ष्य के छापेमारी करने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने हरियाणा से आई पुलिस टीम को सरार्फा व्यापारियों में व्याप्त आक्रोश से भी अवगत कराया। इसके बाद, टीम कोतवाली से ही वापिस लौट गई। विदित रहे कि विगत 20 अप्रैल को हरियाणा के जनपद पानीपत के किला थाने से पहुंची पुलिस टीम कस्बे के एक सरार्फा व्यापारी को चोरी का सामान खरीदने के आरोप में उठाकर अपने साथ ले गई थी। अगले दिन सरार्फा व्यापारियों ने कोतवाली पहुंचकर हरियाणा पुलिस पर बिना वजह उत्पीड़न किये जाने का आरोप लगाया था। व्यापारियों ने उत्पीड़न के विरोध में आंशिक रूप से अपनी दुकानें भी बंद की थी। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि गुरुवार को पानीपत से अपराध शाखा की टीम सरार्फा बाजार में छापेमारी के लिए कोतवाली पहुंची थी। छापेमारी से सम्बन्धित आवश्यक दस्तावेज एवं ठोस सबूत न होने के चलते टीम को वापिस भेज दिया गया।

# मादक पदार्थों की तस्करी कर रही महिला गिरफ्तार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** पुलिस ने क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग के एक मकान पर छापा मार कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी कर रही एक महिला को रंगे हाथ गिरफ्तार करते हुए मादक पदार्थ बरामद कर अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया है। गुरुवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग स्थित एक मकान में मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। मुखबिर के बताए गए स्थान पर महिला उपनिरीक्षक ललिता कुमारी एवं उपनिरीक्षक ओमकार पांडे ने पुलिस टीम के साथ उक्त मकान पर छापामार कार्रवाई करते हुए मौके से एक महिला को पकड़ लिया जिसके कब्जे से डेढ़ किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ के दौरान पकड़ी गई तस्कर महिला ने अपना नाम जोया पत्नी सलमान निवासी शिवाला मार्ग कांधला बताया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए मादक पदार्थ की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपए है। पुलिस ने तस्कर महिला के विरोध कानूनी कार्यवाही करते हुए एनडीपीएस की धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए उक्त महिला को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि पकड़ी गई तस्कर महिला की मां रेशमा पूर्व में दो बार मादक पदार्थ तस्करी करने के मामले में जेल जा चुकी है। पुलिस पकड़ी गई तस्कर महिला के अन्य साथियों की भी तलाश कर रही है।

# ऊंचागांव में बुजुर्ग दम्पत्ति को मारी गोली, गम्भीर

## बाइक चोरी का विरोध करने पर घटना को अंजाम देने का आरोप, दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** ऊंचागांव में बाइक चोरी करने का विरोध करने पर तीन लोगों ने बुजुर्ग दम्पत्ति पर फायरिंग कर दी, जिसमें दोनों पति-पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया है। जहां बुजुर्ग की हालत गम्भीर बनी हुई है। वहीं, मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बुधवार देर शाम करीब पौने नौ बजे क्षेत्र के ऊंचागांव में रामपाल व उसकी पत्नी सुदेश पर गांव के ही तीन लोगो ने घर में घुसकर फायरिंग कर दी, जिसमें दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। घायल दम्पत्ति को उपचार के लिए पानीपत ले जाया गया। जहां पर हालत गम्भीर होने के चलते चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद, परिजनों ने दोनों घायलों को चंडीगढ़ में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि फायरिंग में बुजुर्ग रामपाल के चेहरे व आंख पर छर्रे लगे है, जबकि उसकी पत्नी सुदेश के कंधे पर छर्रे लगे है। वहीं, फायरिंग की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह व तीतरवाड़ा चौकी प्रभारी एसआई राकेश गौतम आनन-फानन में पुलिस बल के साथ में गांव में पहुंचे। जहां पर उन्होंने घटना की जानकारी हासिल की। बाद में जनपद प्रभारी प्रमोद बैंसला के नेतृत्व में फॉरेंसिक टीम भी गांव में पहुंची तथा घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए। घायल रामपाल के भाई सुंदर ने गांव के ही ऋतिक व गौरव तथा एक अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली पर जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि बाइक चोरी किये जाने का विरोध करने पर घटना को अंजाम दिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि ऊँचागांव में पति-पत्नी छर्रे लगने से घायल हुए है। आरोपी व घायल एक ही कुटम्ब के है। मामले में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

### अधिवक्ता पर हमले में भी जेल जा चुका है ऋतिक

बुजुर्ग दम्पत्ति पर फायरिंग करने के मामले में नामजद किया गया आरोपी ऋतिक पूर्व में भी आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है। विगत 21 अगस्त 2022 को ऋतिक, उसके भाई व पिता ने वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेन्द्र सिंह के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया था, जिसके सम्बन्ध में तीनों पिता-पुत्रों के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था। मामले में कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। मामला कैराना न्यायालय में विचाराधीन है।

# संक्षेप समाचार :

## बच्चों के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट ,दो घायल

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव खंदावली में बच्चों के मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे व पत्थरबाजी हुई जिसमें दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गए घायलों में अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी सुमित और समीम दोनों पड़ोसी हैं बुधवार की शाम को दोनों पड़ोसियों के बच्चे गली में खेल रहे थे खेलते समय बच्चों के बीच मामूली विवाद हो गया। बच्चों के विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर कहासुनी हुई मोहल्ला के लोगों ने दोनों को समझा बूझकर मामला शांत करा दिया। आरोप है कि देर शाम दोनों पक्षों के लोग फिर से आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व पत्थर बाजी हुई। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष से सलीम तो दूसरे पक्ष से मनीष घायल हो गए। दोनों पक्षों के लोगों ने अपने-अपने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## आतंकी हमले में मारे गए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित



कांधला। कस्बे के कैराना मार्ग स्थित सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृतकों व घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कैंडल मार्च निकाला। एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान स्कूल के सैकड़ो छात्र छात्राओं के साथ कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा। गत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटक स्थल पर आतंकी हमले में की गई निर्दोष लोगों की हत्या से आमजन में गम और आक्रोष का माहौल बना हुआ है। आतंकी हमले के दौरान निर्दोष लोगों की मौत से नगर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। कस्बे के कैराना मार्ग स्थित सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल में पहलगाम हमले को लेकर कैंडल मार्च किया गया। स्कूल के प्रार्थना स्थल पर पहलगाम हमले में मारे गए सभी लोगों को छात्र छात्राओं के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद स्कूल से कैंडल मार्च निकाला गया। स्कूल के छात्राओं ने प्रधानमंत्री को भेजे गए पत्र में पहलगाम के हमलावरों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर कार्रवाई की मांग कर मृतको को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य अमन शर्मा,विधि शर्मा सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## हिन्दू पर्यटकों की हत्या व बंगाल के दोषियों परकार्रवाई की मांग



शामली। गुरुवार को शिवसेना के पदाधिकारियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देते हुए जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हिन्दू पर्यटकों के हत्याकांड व बंगाल में हिन्दू बहन बेटियों से दुष्कर्म व पुरुषों की हत्याओं पर कडा आक्रोश जताते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कश्मीर के पहलगाम में 28 हिन्दू पर्यटकों की निर्ममता से हत्या की गयी, महिलाओं को यह कहकर छोड दिया गया कि जाओ और अपनी सरकार को बताना। आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हिन्दुओं को मारा। वहीं बंगाल में हिन्दू बहन बेटियों से दुष्कर्म व पुरुषों की हत्या की गयी है जिस कारण बडी संख्या में हिन्दू पलायन कर गया। हिन्दुओं की दुकानों को जलाया गया, लूटपाट की गयी, पिता-पुत्र की हत्या की गयी, इससे बडी पीडादायक घटना क्या हो सकती है। आज अपने ही देश में हिन्दू के साथ अत्याचार अब बर्दाश्त से बाहर हो गया है, हिन्दू समाज को भाजपा सरकार से बहुत उम्मीदें थी जो अब धूमिल हो रही है। इससे पहले भी भाजपा शासनकाल में हिन्दुओं की निर्मम हत्याएं हुई हैं लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री से आतंकवादियों व बंगाल के दोषियों पर कडी कार्रवाई करने की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कुछ नहीं किया तो हिन्दू खुद सडकों पर उतरकर अपनी रक्षा स्वयं करेगा। इस मौके पर राजकुमार, संदीप खोखर, सचिन, रामनाथ, दीपक, रणबीर, जयकुमार, योगेन्द्र, नीरज, श्रवण, शौर्य गिरी, रजत कुमार, मोहित, राजीव, कुलदीप, संदीप, चरत गिरी आदि भी मौजूद थे।

# घायल पक्ष ने की बस चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे पर चार दिन पूर्व क्षेत्र के गांव जसाला निवासी बाइक सवार पिता पुत्र को स्कूल बस द्वारा टक्कर मारकर घायल करने के मामले में, घायलों के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस स्कूल बस चालक की तलाश में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी यशपाल सिंह ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गत सोमवार को जसाला निवासी प्रवेश और उसका पुत्र हरदीप बाइक पर सवार होकर किसी कार्य हेतु कस्बे में आ रहे थे। आरोप है कि जैसे ही बाइक सवार पिता पुत्र दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित किवाना मोड़ के समीप पहुंचे तो किवाना मोड की ओर जा रही स्कूल बस ने बाइक सवार पिता पुत्र को टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर परिजनों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया था,जहां से गंभीर हालत के चलते प्रवेश को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। मेरठ अस्पताल में घायल व्यक्ति का उपचार जारी है जिसकी हालत चिंताजना का बनी हुई है और आईसीयू में भर्ती है। जबकि घायल पुत्र का इलाज शामली के गणेश जी अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ने आरोपी बस चालक के विरोध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस बस चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## नीलगायों से टकराई बाइक, युवक गंभीर घायल

**चौसाना।** चौसाना-बिडौली मार्ग पर मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। शामली निवासी एक युवक बाइक से चौसाना किसी काम से आ रहा था, तभी खोडसमा गांव के पास अचानक दो नीलगाय सामने आ गईं। अनियंत्रित होकर बाइक सीधी नीलगायों से टकरा गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। आनन-फानन में घायल युवक को निजी वाहन से शामली के बोहरा नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। डॉक्टरों के मुताबिक युवक की हाथ में फ्रैक्चर हुआ है और पसलियों में भी गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक बाइक की सामान्य गति से जा रहा था।

# भड़ी कोरियान में दो समुदायों के बीच तनाव, कोरी समाज ने जताई फसल चोरी की आशंका

## रात-रात भर खेतों में पैहरा दे रहे ग्रामीण, पूर्वजों के थानों को लेकर जताई चिंता



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** क्षेत्र के गांव भड़ी कोरियान में बीते चार दिनों से दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। मामला बीस अप्रैल को उस समय गर्मा गया जब कोरी समाज के कुछ किसानों ने आरोप लगाया कि दूसरे समुदाय के लोगों ने उनकी गेहूं की फसल को जबरन काट लिया। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की, जिसमें तीन लोगों को शांति भंग की आशंका में हिरासत में लिया गया और मौके से एक ट्रैक्टर हैरो भी सीज कर दिया गया। हालांकि कोरी समाज का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है और असली दोषी अभी भी खुले घूम रहे हैं। समाज के लोगों का आरोप है कि खेतों में अभी भी कुछ गेहूं की फसल खड़ी है और उन्हें आशंका है कि विरोधी पक्ष दोबारा फसल चोरी करने की कोशिश कर सकता है। इसके साथ ही चिंता इस बात की भी है कि जिस जमीन में ये फसल है, वहीं उनके पूर्वजों के थान भी बने हुए हैं। ग्रामीणों को डर है कि फसल के साथ-साथ उनके थानों को भी नुकसान पहुंचाया जा सकता है। कोरी समाज से जुड़े रिंकू, काला, दीपक, धर्मा, सतपाल, अमित, सुनील आदि ने बताया कि उन्होंने अपनी फसल को बचाने और पूर्वजों के थानों की सुरक्षा के लिए खेतों में रात भर जागकर निगरानी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि जब तक पुलिस प्रभावी कार्रवाई नहीं करती, तब तक वे खुद ही अपनी जमीन और मान्यताओं की रक्षा करेंगे। थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा कहना है मुझे इस सम्बन्ध में जानकारी नहीं है अगर ऐसा है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी

# चिंगारी से लगी आग, गेहूं की 10 बीघा फसल जलकर राख



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**झिंझाना।** विद्युत तारों से उठी चिंगारी से उठी आग ने गेहूं की तैयार खड़ी फसल को चपेट में ले लिया, जिससे 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। समय रहते खेत पर कार्य कर रहे किसानों ने ट्रैक्टर चलाकर तथा पानी डालकर अन्य गेहूं के खेत को आग से बचाया, वरना बड़ा हादसा हो जाता। बृहस्पतिवार को क्षेत्र के ग्राम पटनी प्रतापुर स्थित किसान भूपेंद्र निवासी टिटौली के खेत के ऊपर से जा रही 11 हजारी विद्युत लाइन में अचानक चिंगारी उठ गई। चिंगारी गेहूं की तैयार खड़ी फसल में गिर गई, जिससे गेहूं की फसल ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पास में कार्य कर रहे किसान भूपेंद्र तथा अन्य किसानों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग और ज्यादा भड़क उठी, तभी कुछ किसानों ने गेहूं की फसल पर ट्रैक्टर चलाएं तथा अन्य गेहूं के खेत को आग की चपेट में आने से बचाया, लेकिन तब तक किसान भूपेंद्र की 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। किसन ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## पहलगाम हत्याकांड पर जताया आक्रोश, श्रद्धांजलि दी

शामली। गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव गढ़ी अब्दुल्ला खां में स्थित भारत इंटरनेशनल स्कूल में जम्मू कश्मीर के पहलगाम के वायसरण पर्यटन क्षेत्र पर आतंकवादियों द्वारा की गई 28 हिंदुओं की हत्या होने पर रोष जताया गया, 2 मिनट का मौन धारण कर रख दिवगंत आत्माओं की शांति व घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। स्कूल प्रधानाचार्य विपिन कुमार शर्मा ने इस घटना को झकझोर देने वाला एवं बड़ा शर्मनाक एवं कायरता पूर्ण कार्य बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई की इन पाकिस्तान को उनकी भाषा में जवाब दिया जाए।

# लोनिवि की सम्पत्ति पर अवैध कब्जा धारियों को सरकारी नोटिस



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** ऊन तिराहे पर लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा कर कराये जा रहे अवैध निर्माण की खबर प्रकाशित होने के उपरांत राजस्व विभाग की आंखे खुली तो राजस्व लेखपाल ने चार लोगो को नोटिस देकर दस दिनों के भीतर खाली करने के निर्देश दिये,साथ ही चेतावनी दी गई अगर सरकारी भूमि को खाली नही किया गया तो सरकारी भूमि पर हुये निर्माण को गिराया जायेगा।

चौसाना चौकी क्षेत्र मे इन दिनो भूमि से सम्बंधित कई मामले विवाद का कारण बन रहे है। ऊन तिराहे से बिडौली जाने वाले मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की भूमि है। आरोप है कि भूमि पर जाकिर पुत्र हाजी सागर निवासी अजीजपुर,फुरकान पुत्र इरशाद निवासी जिजौला,सलीम पुत्र सरफूदीन निवासी चौसाना व दिलशाद पुत्र समसू निवासी चौसाना ने अवैध कब्जा करके निर्माण कर लिया।जिसकी जिजौला के ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग व राजस्व विभाग को शिकायत की। जिस पर कार्यवाही करते हुये राजस्व विभाग के अधिकारियों लोकेश कुमार व टीम ने कब्जाधारियों को नोटिस देकर दस दिनों के भीतर भूमि कब्जामुक्त करने के निर्देश दिए। अगर कब्जाधारी सरकारी भूमि को मुक्त नही करते हुये तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुये निर्माण को गिराया जायेगा ।

## 27 अप्रैल को जेजे फार्म पर लगेगा निशुल्क मेगा दिव्यांग कैंप

शामली। माता अमृतानंदमयी देवी कृपा धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा 27 अप्रैल को कैराना रोड जेजे फार्म पर निशुल्क मेगा दिव्यांग कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैप में दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंगों के माप लिए जाएंगे तथा अगले शिविर में उन्हें वितरित किया जाएगा। गुरुवार को हनुमान रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेसवार्ता में ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि माता अमृतानंदमयी देवी कृपा धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा 27 अप्रैल को कैराना रोड जेजे फार्म पर निशुल्क मेगा दिव्यांग कैंप का आयोजन किया जाएगा।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

# हज उमरा के नाम पर मौलाना ने की लाखों की ठगी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** उमरा जाने की ख्वाहिश लिए 14 लोगों ने अपने खून-पसीने की कमाई एक मौलाना को सौंप दी, लेकिन अब वे खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। आरोप है कि सहारनपुर निवासी एक मौलाना ने चौसाना क्षेत्र के लोगों से उमरा के नाम पर करीब सात लाख रुपए ठग लिए और अब फरार हो गया है। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर न्याय की मांग की है। ग्राम बसी चुनगयारी थाना झिंझाना निवासी साजिद ने बताया कि जीजोला निवासी सनव्वर के जरिए उनकी मुलाकात मौलाना शाबान से हुई थी। सनव्वर ने भरोसा दिलाया कि शाबान उमरा यात्रा का पूरा इंतजाम करेगा। इस पर क्षेत्र के 14 लोगों ने साजिद के नेतृत्व में मौलाना को करीब 7 लाख रुपए दे दिए। कुछ पैसे पेटीएम के जरिए, तो कुछ नकद में दिए गए। लेकिन 25 मार्च को जब उमरा यात्रा की तारीख आई, तो न तो टिकट मिले, न ही मौलाना का कुछ पता चला। फोन भी स्विच ऑफ मिला। पीड़ित साजिद का कहना है कि जब उन्होंने पैसे वापस मांगे, तो उन्हें ही झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां दी जाने लगीं। उन्होंने बताया कि सभी ट्रांजेक्शन के सबूत उनके पास मौजूद हैं, लेकिन मौलाना और सनव्वर दोनों ने अब मुंह फेर लिया है। साजिद ने कहा कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालते हैं, ऐसे में सात लाख की ठगी उनके लिए बहुत बड़ा सदमा है। 25 मार्च को उमरा पर जाने वाले लोगों के घरों में मेहमान आ गए थे। सभी ने तैयारी पूरी कर ली थी, लेकिन आखिरी वक्त पर जब पता चला कि ट्रैवल एजेंट फरार हो गया है, तो सभी के पैरों तले जमीन खिसक गई।

### ■ पीड़ित परिवार सदमे में मुख्यमंत्री से की न्याय की गुहार, ट्रैवल एजेंट फरार

# सांसद विजय हसदा ने गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से हुए अवगत, समाधान का दिलाया भरोसा, अधिकारियों को दिया निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), राजमहल संसदीय क्षेत्र के युवा सांसद विजय हांसदा ने गुरुवार को जिले के पाकुड़ प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत कालिदासपूर, सोनाजोड़ी, शहरकोल, कोलाजोड़ा, पोचाथोल व मालपहाड़ी पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीणों ने इस भीषण गर्मी के दौरान हो रही पेयजल की समस्या के साथ- साथ बिजली, सड़क व शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से सांसद विजय हांसदा को अवगत कराया। सांसद विजय हांसदा ने सभी समस्याओं को सुनकर त्वरित कार्रवाई करते हुए उच्च अधिकारियों से टेलीफोनिक वार्ता कर जल्द से जल्द सभी समस्याओं के निदान की बात कही। इस दौरान सांसद श्री विजय हांसदा के साथ झामुमो जिलाध्यक्ष एजाजुल ईस्लाम मौजूद थे। मौके पर उपाध्यक्ष पीटर मरांडी, प्रखण्ड अध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख, सचिव राजेश सरकार, उपाध्यक्ष रामसिंह टूडू , मोसारफ हुसैन, इस्माइल शेख, लखन हेम्ब्रम, आबैदुर शेख, बोलाई सोरेन,प्रकाश हांसदा, रफीकुल शेख , अकबर अंसारी, भरत मरांडी, विजय हांसदा,पतरस मरांडी, स्टीफन मुर्मू सहित दर्जनों कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

# झारखंड में गर्मी के बढ़ते प्रभाव से स्कूलों के समय सारिणी में परिवर्तन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गोड्डाः झारखंड में गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत सारणी में बदलाव रखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा स्कूलों के समय सारणी में बदलाव का आदेश दिया गया है। राज्य सरकार के निदेश के आलोक में जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी विद्यालयों में वर्ग KG से कक्षा आठ की कक्षाएं सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक एवं वर्ग 09 से वर्ग 12 तक की कक्षाएँ सुबह 07:00 बजे से 12:00 मध्याह्न तक संचालित करने का निदेश दिया गया है।

निजी विद्यालयों का संचालन संबंधित विद्यालय के दिशा निर्देश के अनुरूप आरटीई अधिनियम एवं प्रबंधन के प्रावधानों के तहत संचालित होंगे।

यह आदेश आदेश दिनांक 26.04.2025 के प्रभाव से लागू रहेगा।

# नीट-यूजी परीक्षा की तैयारी को ले डीसी ने किया परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार ने पाकुड़ में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनपीए) द्वारा आयोजित होने वाले नीट-यूजी परीक्षा की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने परीक्षा केन्द्र सीएम एसओई गर्ल्स, पाकुड़ एवं सीएम एसओई +2 राज हाई स्कूल, पाकुड़ केन्द्र का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण परीक्षा केन्द्र की तैयारियों और व्यवस्था की जांच करने के लिए किया गया, ताकि परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से हो सके। उपायुक्त ने केन्द्र के विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया, जिसमें परीक्षा केन्द्र की व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता और अन्य सम्बन्धित मामलों का शामिल था।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र के अधिकारियों से भी बात की और परीक्षा के सफल आयोजन के लिए आवश्यक सुझाव दिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, मुख्यालय डीएसपी जितेन्द्र कुमार, एन०टी०ए नोडल एवं एडीपीओ पीयूष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने प्रमाण पत्र देकर ब्लड डोनर का बढ़ाया हौसला

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल के मौके पर गुरूवार को प्रोजेक्ट जागृति के तहत जिले के सभी प्रखण्डों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर रक्त अधिकोष, पुराना सदर अस्पताल, पाकुड़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हिरणपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, लिट्टीपाड़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमड़ापाड़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महेशपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाकुड़िया में लगाया गया। शिविर में जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। उपायुक्त मनीष कुमार ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान न केवल राष्ट्रीय आवश्यकता को पूरा करता है, बल्कि यह समाज और मानवता के प्रति एक बड़ी सेवा भी है। उन्होंने कहा कि आप सभी द्वारा दिए गए रक्त से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने सभी से नियमित रूप से रक्तदान करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि दुर्घटना की वजह से घायल या बीमारी की वजह से रक्त की कमी से जूझ रहे व्यक्ति को, रक्त मिलने से उस व्यक्ति का जीवन बच पाता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। पाकुड़ जिले में खून की कमी से किसी की मौत न हो। जिला प्रशासन इस दिशा में निरन्तर कार्य कर रहा है। प्रोजेक्ट जागृति के तहत पाकुड़ जिले में प्रत्येक माह के 24 तारीख को सभी प्रखण्डों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा, ताकि अधिकाधिक संख्या में रक्त का संग्रह किया जाये और जरूरतमंद लोगों को ही समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। मौके पर उपायुक्त ने रक्तदाता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# पहलगाम आतंकी हमला इंसानियत को झकझोर देने वाली त्रासदी : दीपिका
## कहा, मैं शोकाकुल परिवारों के साथ हूं

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



गोड्डा : जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले से समाज का हर तबका व्यथित है। आम जनमानस में आतंकवादियों के खिलाफ काफी आक्रोश है। लोग केंद्र सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं। झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी पहलगाम में आतंकी हमले पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया है।

उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से मन गहरे शोक और आक्रोश से भरा हुआ है। यह हमला केवल कुछ व्यक्तियों पर नहीं, बल्कि हमारे समाज, हमारी इंसानियत और हमारे साझा मूल्यों पर सीधा वार है। जो लोग छुट्टियां मनाने, सुकून के कुछ पल जीने पहलगाम पहुंचे थे, उन्हें इस क्रूरता का शिकार बनाना कायरता की पराकाष्ठा है। इस निर्मम हमले में जान गंवाने वालों को उन्होंने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।

मंत्री दीपिका ने कहा है कि इस दुख की घड़ी में वे पूरे दिल से शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी हैं। यह एक ऐसा जख्म है, जिसे शब्दों से नहीं भरा जा सकता। मंत्री दीपिका ने केंद्र सरकार से अपील की है कि इस घिनौने कृत्य में शामिल आतंकियों को तत्काल पकड़कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस देश के हर नागरिक को न्याय और सुरक्षा का भरोसा मिल सके। आतंक के खिलाफ हमारी लड़ाई और भी सशक्त होगी, यह संकल्प है। डरने का नहीं, डट कर खड़े होने का समय है।

# बेहतरीन कार्य प्रदर्शन पर अधिकारी समेत कर्मियों को किया गया सम्मानित

एनपीटी ब्यूरो,

पाकुड़ (झा०खं०), राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर सूचना भवन सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उपायुक्त मनीष कुमार, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, उपाध्यक्ष, जिला परिषद अशोक कुमार भगत, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजुर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में पंचायतों की भूमिका क्या होना चाहिए, इसे लेकर पंचायत राज दिवस मनाया जाता है। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा गांवों के विकास में योगदान दिया जा रहा है, जो महत्वपूर्ण है। जितनी भी योजनाएं चल रही हैं चाहे वे मनरेगा की योजना हो, अबुआ आवास, स्वच्छ भारत मिशन हो या कोई और कार्यक्रम, सबके स्वरूप में परिवर्तन आया है एवं लाभुकों के चयन से लेकर योजना के क्रियान्वयन तक हर जगह पंचायत के चयनित प्रतिनिधियों की भूमिका बड़ी है। उपायुक्त ने कहा कि पाकुड़ जिले के ग्राम पंचायत विकास के विविध मानकों पर आगे बढ़ रही है। सभी ग्राम पंचायतों को पंचायत उन्नति सूचकांक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने कहा कि उपायुक्त का प्रतिदिन का मेहनत जिले में बेहतर बदलाव ला रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में भी अब जिले में प्रगति हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा खराब पड़े चापानल एवं जलमीनार का मरम्मति किया जा रहा है। जल संचयन का बड़ा मुद्दा है इसपर हम सभी को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने कहा कि केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ओर से पहली बार जारी की गई पंचायत उन्नति सूचकांक में पाकुड़ जिले के पाकुड़िया प्रखंड के राजपोखर ग्राम पंचायत ने राज्य भर में तीसरे अन्य दो ग्राम पंचायत पाकुड़िया एवं पलियादाहा ने टॉप 25 में अपनी जगह बनाई है। यह मूल्यांकन नौ प्रमुख थीम गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविका, स्वस्थ्य पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा , सामाजिक न्याय, सुशासन और महिला हितैषी पंचायतों के आधार पर किया गया है। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकुड़, जिला परियोजना प्रबंधक आनंद प्रकाश, पीएमयू सेल, जेएसएलपीएस के कर्मी समेत अन्य उपस्थित थे।

# नगर थाना पुलिस ने चोरी के 5 दिन के दरमियान ही कार किया बरामद, एक व्यक्ति को भी धर दबोचा

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं० ), बीते 19 अप्रैल को नगर थाना क्षेत्र के कृष्णा मार्केट के पास से चोरी हुई एक स्विफ्ट कार को पुलिस ने मामला दर्ज होने के 5 दिनों के दरमियान जप्त करते हुए एक को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि साहिबगंज जिला के राजमहल थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेलदारचक के रहने वाले मोहम्मद अजहर जो कि निजी काम से पाकुड़ शहर के कृष्णा मार्केट के पास आये थे और इसी दौरान किसी काम से वह व्यस्त हो गये। इसी बीच उनका स्विफ्ट कार-जेएच 04 डबल्यू 9851की चोरी हो गई। वही उन्होंने इसकी शिकायत नगर थाना में किया। उनके शिकायत पर नगर थाना में कांड संख्या-116 / 25 दर्ज किया गया और इसके साथ ही नगर थाना प्रभारी प्रयाग राज ने तुरन्त एक पुलिस टीम का गठन किया और पुलिस टीम ने 5 दिनों के अन्दर नगर थाना क्षेत्र से उक्त स्विफ्ट कार को जप्त करते हुए एक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गये व्यक्ति का नाम मनीरूल अंसारी है और वह साहिबगंज जिला अन्तर्गत तालझारी थाना क्षेत्र के भतभंगा गांव का रहने वाला है। वही इस बाबत थाना प्रभारी प्रयाग राज के द्वारा बताया गया कि स्विफ्ट कार की चोरी हुई थी और उसको लेकर थाना में लिखित शिकायत के आलोक में मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होते ही इस पर त्वरित कार्रवाई की गई और 5 दिनों के अन्दर उक्त स्विफ्ट कार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है. गिरफ्तार व्यक्ति का आपराधिक इतिहास रहा है। वही छापेमारी टीम में नगर थाना प्रभारी प्रयाग राज, अवर निरीक्षक कन्हैया कुमार यादव, राहुल कुमार, सुबल कुमार डे, सहायक अवर निरीक्षक सनातन मांझी, अश्लोक कुमार पांडे के साथ थाना के सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आगे की कारवाई कर रही थी।

# उद्यम निबंधन कराने पर मिलेगा सरकार की योजना का लाभ : महाप्रबंधक



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गोड्डा :: उद्यमियों को बढ़ावा देने को लेकर टीमओ भगैया के सभागार में एकदिवसीय उद्यम निबंधन सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उद्यमियों को आनस्पाट उधम निबंधन एवं इससे होने वाली सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र गोड्डा ने जिले के उद्यमियों को उद्यम पंजीकरण के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए उद्यमियों का निबंधन जरुर है । उन्होंने अधिक से अधिक उद्यमियों कोनिबंधन के लिए प्रोत्साहित किया । शिविर में राज्य सरकार की विभिन्न नीतियों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया गया।वहीं विशेषकर सेंट्रल सिल्क बोर्ड के वैज्ञानिक गिरी, उप निदेशक आर.एल.मीणा ,डीजीएफटी कोलकाता ने आनलाइन जुड़कर एक्सपोर्ट-इंपोर्टर बुनकरों के साथ विशेष तकनीकी चर्चा की। वहीं मार्केटिंग एवं क्वालिटी प्रोडक्ट पर भी चर्चा की गई। शिविर में 20 उद्यमियों को आन स्पोर्ट उद्यम निबंधन कर हस्तगत किया गया। जबकि लगभग 150 उद्यमियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

मौके पर झारक्राफ्ट के प्रबंधक अब्दुल कादिर एवं राजकुमार, प्रखंड उद्यमी समन्वयक पंकज कुमार, गौतम कुमार, टेक्लाल कुमार दास, अभय कुमार, पुरूषोतम कुमार ,सीए आशीष ठाकुर भी उपस्थित थे।

धन्यवाद ज्ञापन ईओडी बी प्रबंधक मनीष कुमार ने किया। इस अवसर पर एक्सपोर्टर संजय कुमार, सखीचंद राम, सपना सिल्क,रजत कुमार, देवीलाल, अमरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# उद्यम निबंधन कराने पर मिलेगा सरकार की योजना का लाभ : महाप्रबंधक

**एनपीटी ब्यूरो**

गोड्डा :: उद्यमियों को बढ़ावा देने को लेकर टीमओ भगैया के सभागार में एकदिवसीय उद्यम निबंधन सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उद्यमियों को आनस्पाट उधम निबंधन एवं इससे होने वाली सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र गोड्डा ने जिले के उद्यमियों को उद्यम पंजीकरण के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए उद्यमियों का निबंधन जरुर है । उन्होंने अधिक से अधिक उद्यमियों कोनिबंधन के लिए प्रोत्साहित किया । शिविर में राज्य सरकार की विभिन्न नीतियों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया गया।वहीं विशेषकर सेंट्रल सिल्क बोर्ड के वैज्ञानिक गिरी, उप निदेशक आर.एल.मीणा ,डीजीएफटी कोलकाता ने आनलाइन जुड़कर एक्सपोर्ट- इंपोर्टर बुनकरों के साथ विशेष तकनीकी चर्चा की। वहीं मार्केटिंग एवं क्वालिटी प्रोडक्ट पर भी चर्चा की गई। शिविर में 20 उद्यमियों को आन स्पोर्ट उद्यम निबंधन कर हस्तगत किया गया। जबकि लगभग 150 उद्यमियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

मौके पर झारक्राफ्ट के प्रबंधक अब्दुल कादिर एवं राजकुमार, प्रखंड उद्यमी समन्वयक पंकज कुमार, गौतम कुमार, टेक्लाल कुमार दास, अभय कुमार, पुरूषोतम कुमार ,सीए आशीष ठाकुर भी उपस्थित थे।

धन्यवाद ज्ञापन ईओडी बी प्रबंधक मनीष कुमार ने किया। इस अवसर पर एक्सपोर्टर संजय कुमार, सखीचंद राम, सपना सिल्क,रजत कुमार, देवीलाल, अमरेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# हज यात्री टीकाकरण सह- प्रशिक्षण कार्यशाला में नहीं पहुंचे प्रशिक्षक, हज यात्रियों में रोष का आलम

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ झारखण्ड हज कमिटी के निर्देश के आलोक में पाकुड़ जिला हज ब्यवस्थापक द्वारा गुरुवार को जिला मुख्यालय के हरिणडांगा मंसूरी टोला स्थित मदरसा गौशिया आश्रफिया दारुल उलूम में जिला से जाने वाले हज यात्रियों के लिए टीकाकरण सह- प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। मगर हज कमिटी के कोई प्रशिक्षक शिविर में शिरकत नहीं करने पर हज यात्रियों में मायूसी जगजाहिर था। वही स्वस्थ बिभाग द्वारा हज यात्रियों का टिका करण किया गया। डॉक्टर शब्बीर अहमद और डॉक्टर गुफरान अली के निगरानी में एएनएम रोशा अरीश टिक्का और मुमताज खातून के द्वारा हज यात्रियों को पोलियो ड्राप, इंफीलंजा टिका और मेंजायस्टिक टिका दिया गया। बता दे की गत 15 अप्रैल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे रांची हज कमिटी के कोई प्रशिक्षक नहीं आने से मकामी लोगो के द्वारा हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया गया था। इस बाबत बताया गया था की टीकाकरण के दिन हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। गत दिनों टिकाकरण और प्रशिक्षण को लेकर प्रदेश हज कमिटी के प्रशिक्षक हाजी युसूफ आलम और अबुल खैर के द्वारा हज यात्रियों को प्रशिक्षण देना था, इसको ले कर अखबार के माध्यम से सुचना दी गयी थी। इस पर संयोजक आलम ने कहा कि मुझे जानकारी दी गयी थी कि हाजी युसूफ आलम और अबुल खैर हज यात्रिओ को प्रशिक्षण देंगे। नाम ना छापने के शर्त पर हज यात्रियों ने बताया कि प्रदेश हज कमिटी का रवैया ठीक नहीं है, दो बार हम लोगो को छाला गया। आगे हम लोगों का किया होगा इसकी चिंता है, हज सफर 2025 को लेकर आशिफ आलम ने बताया कि जिला से इस बार 10 हज यात्रियों का जाना तय है। जिसमे 8 पुरुष और 2 महिला शामिल है। उन्होंने बताया कि सभी 10 यात्री आगामी 27 मई को कोलकाता से जिद्दा के लिए उड़ान भरेंगे। वही 25 मई को कोलकाता हज हॉउस में रिपिटिंग करना है। हज यात्रियों की वापसी 8 जुलाई 2025 को मदीना से कोलकाता होगा। मौके पर दर्जनों मकामी लोग मौजूद थे।

# आतंकी हमले में मारे गये लोगों को दी गई श्रद्धांजलि

पाकुड़, स्थानीय विद्यालय डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों के आत्मा शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रंद्धाजलि अर्पित किया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा 28 सैलानियों की बर्बरता पूर्वक हत्या के विरोध में विद्यालय प्राचार्य, कर्मचारी एवं छात्रगणों ने शांति मार्च का आयोजन किया एवं 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्माओं के शांति हेतु प्रार्थना किया। तत्पश्चात बच्चों ने 28 दीप जलाकर सभी मृत आत्माओं को श्रंद्धाजलि दी एवं शहीदों को नमन किया।

# भारत शिक्षा एक्सपो 2025 : क्रिएथॉन 2025 में छात्रों ने दिखाई तकनीकी प्रतिभा

## नवाचार और उद्यमिता के लिए प्रेरित कर रहा है आईपीईसी टीबीआई फाउंडेशन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

साहिबाबाद/ग्रेटर नोएडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 विजन को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित भारत शिक्षा एक्सपो 2025 का दूसरा संस्करण इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आरंभ हुआ। इस भव्य आयोजन में देशभर से आए छात्रों, युवा उद्यमियों और नवप्रवर्तकों ने अपनी नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज (आईपीईसी) टीबीआई फाउंडेशन की सक्रिय सहभागिता के साथ आयोजित क्रिएथॉन 2025 में आइडियाथॉन, कोडथॉन, हैकाथॉन और स्टार्टथॉन जैसे प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रमों ने छात्रों को नवाचार की दिशा में प्रेरित किया। छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और



तकनीकी दक्षता से यह सिद्ध कर दिया कि वे देश के तकनीकी भविष्य को नई दिशा देने में सक्षम हैं।

इस आयोजन के दौरान टीम बिल्डिंग, पीसीबी डिजाइनिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईपीआर, 3डी प्रिंटिंग और रोबोटिक्स जैसी अत्याधुनिक कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्रों को व्यावहारिक और प्रयोगात्मक ज्ञान प्रदान किया गया। ड्रोन शो, रोबो रेस, रोबो वॉर्स और रोबो सॉकर जैसे कार्यक्रमों ने तकनीक और मनोरंजन का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। आईपीईसी टीबीआई फाउंडेशन की सीईओ प्रियंका गुप्ता ने कहा, क्रिएथॉन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तम प्रदेश के संकल्प का प्रतिबिंब है। यह युवाओं को पारंपरिक करियर विकल्पों से आगे बढ़कर नवाचार और उद्यमिता की ओर प्रेरित करता है।

क्रिएथॉन 2025 का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार, स्टार्टइनयूपी, एमएसएमई, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण, नीति आयोग, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय स्टार्टअप हब, एचपी, वोल्ट पोस्ट, एडब्ल्यूएस अकादमी, टाई दिल्ली एनसीआर और टाई फाउंडर्स क्लब जैसे प्रतिष्ठित संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। इस आयोजन ने साबित कर दिया है कि भारत का युवा नवाचार और उद्यमिता की राह पर चलकर न केवल अपने सपनों को, बल्कि देश के विकास के सपने को भी साकार करने में सक्षम है।

# पहलगाम के आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान का पुतला फूंका

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान का पुतला फूंका गया। इस हमले में 27 निर्दोष भारतीयों पर गोली बरसा कर उनकी हत्या एवं घायल कर दिया। उन पर्यटकों कसूर सिर्फ इतना था कि वह हिंदू थे। पूरा देश इस घटना के बाद स्तब्ध, गुस्से में है, लोगों में उबाल है। सरदार सिंह भाटी पूर्व डिप्टी मेयर, एवं रवि भाटी पार्षद, काली चरण पहलवान



पार्षद पति के साथ भारत माता चौक पर पाकिस्तान के पुतले को लोगों ने जूते मारे और पुतले आग लगा कर फूंका। इस दौरान लोगों ने रोष जताते हुए पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। सैकड़ो महिला पुरुषों ने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए मौन रखा। क्षेत्र की तमाम म्हअ, व्यापार मंडल,भाजपा संगठन के पदाधिकारी और कार्यकताओं, निवासियों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

# 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने में 'क्रिएथॉन 2025' बना अग्रणी मंच

मेरठ/ग्रेटर नोएडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यविकसित भारत 2047ह्ल के विजन को साकार करने की दिशा में क्रिएथॉन 2025 एक महत्वपूर्ण कड़ी बनकर उभरा है। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित तीन दिवसीय भारत शिक्षा एक्सपो के दूसरे संस्करण का शुभारंभ प्रेरणादायक रहा, जिसमें देशभर के छात्र, युवा उद्यमी और नवप्रवर्तक अपनी प्रतिभा के साथ शामिल हुए।

एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम, एआईसीटीई आइडिया लैब, और एसीआईसी एमआईईटी मेरठ फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस एक्सपो में आइडियाथॉन, कोडथॉन, हैकाथॉन और स्टार्टथॉन जैसे नवाचार-आधारित प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और तकनीकी क्षमता का दमदार प्रदर्शन किया।

इस आयोजन के दौरान डिजाइन थिंकिंग, रोबोटिक्स, 3डी प्रोटोटाइपिंग और नेचर वर्कशॉप पर आधारित कार्यशालाओं ने छात्रों को समस्या-समाधान की व्यवहारिक समझ दी। ड्रोन शो, रोबो रेस, रोबो वॉर और रोबो सॉकर जैसे कार्यक्रमों ने तकनीक और मनोरंजन को एक साथ जोड़ते हुए एक्सपो



को अत्यंत रोचक बना दिया।

इनक्यूबेशन फोरम के सीईओ रेहान अहमद ने क्रिएथॉन 2025 को केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक सशक्त आंदोलन करार दिया। उन्होंने बताया कि इसके विजेताओं को नकद पुरस्कारों के साथ-साथ उद्योग जगत के दिग्गजों, निवेशकों और मेंटर्स के समक्ष अपने विचारों को प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

एसीआईसी एमआईईटी मेरठ फाउंडेशन के प्रशांत गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन देश की बढ़ती नवाचार भावना का प्रमाण है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ह्यउत्तम प्रदेशह्ल के संकल्प की दिशा में एक सशक्त प्रयास है।

कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश सरकार और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। एक्सपो का उद्देश्य शिक्षा, तकनीक, नवाचार और करियर को एक मंच पर लाकर छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और शैक्षणिक संस्थानों को एक नई दिशा प्रदान करना है।

इस आयोजन को सफल करने में हैकाथॉन हेड डॉ. मुकेश रावत, स्टार्टथॉन हेड संस्कृति शर्मा, आइडियाथॉन हेड प्रशांत गुप्ता, कोडथॉन हेड विजय शर्मा और धर्मेंद्र शर्मा, नेचर वर्कशॉप हेड विशी खत्री, 3डी प्रोटोटाइपिंग और रोबोटिक्स हेड मोहिनी प्रीतम सिंह, डिजाइन थिंकिंग हेड शिरीन, ड्रोन और रोबो शो हेड अभिलाषा जैन, किटू चौधरी, रजत, आशीष, कमल रावत और मीडिया हेड अजय चौधरी की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

जहां अब तक करियर विकल्प सीमित रहे हैं, वहीं क्रिएथॉन जैसे कार्यक्रम छात्रों को उद्यमिता को एक व्यवहार्य और सशक्त विकल्प के रूप में अपनाने की प्रेरणा दे रहे हैं। यह आयोजन निश्चित रूप से अगली पीढ़ी के दूरदर्शी नवप्रवर्तकों के लिए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की नींव रख रहा है।

# जयाप्रदा पहुंचीं मुरादाबाद कोर्ट, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** मुरादाबाद। फिल्म अभिनेत्री और पूर्व सांसद जयाप्रदा आज मुरादाबाद की कोर्ट में पेश हुईं। उनके कोर्ट पहुंचने से पहले ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए गए थे। भारी पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे कोर्ट परिसर में शांति व्यवस्था बनी रही। मीडिया और समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी

जयाप्रदा सुनवाई के लिए मुरादाबाद जिला न्यायालय पहुंचीं। जैसे ही वे कोर्ट परिसर में दाखिल हुईं, मीडिया और समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रित रखा और कार्यवाही शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कोर्ट से निकलते वक्त जयाप्रदा ने मीडिया से बातचीत करने से परहेज किया और सीधा गाड़ी में बैठकर रवाना हो गईं।

मामला क्या है, यह मामला 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद का है, जब मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र स्थित मुस्लिम डिग्री कॉलेज में समाजवादी पार्टी द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में सपा नेता आजम खान, डॉ. एसटी हसन समेत अन्य नेताओं ने जयाप्रदा के खिलाफ कथित रूप से अभद्र टिप्पणियाँ की थीं। इस पर रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने आजम खान, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खान, आयोजक मोहम्मद आरिफ और अजहर खान के खिलाफ केस दर्ज कराया था

# PNN मोहन पब्लिक स्कूल, वसुंधरा गाजियाबाद पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**एनपीटी ब्यूरो**
**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित P NN मोहन पब्लिक स्कूल वसुंधरा में पृथ्वी दिवस (अर्थ डे) बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने स्लोगन लेखन, वृक्षारोपण और अनेक रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि शर्मा एवं सभी शिक्षकगण एवं छात्रों ने मिलकर न सिर्फ पेड़ लगाए, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प भी लिया। इस आयोजन ने बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना को और प्रगाढ़ किया।

विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रयास को सराहा और ऐसे आयोजनों को भविष्य में भी निरंतर करते रहने की बात कही।

# पाकिस्तान पर करी हमले की मांग,अब नहीं तो कब

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो , मुरादाबाद। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने कश्मीर में के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध किया गया। शहर में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा साफ नजर आ रहा है। पाकिस्तान के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। भावाधस के संरक्षक लल्ला बाबू द्रविड़ ने कहा कि पाकिस्तान पर मिसाइल दाग देनी चाहिए, पाकिस्तान का नाम संसार के नक्शे से गायब का देना चाहिए।



**पाकिस्तान के खिलाफ मुरादाबाद के लोगो फूटा गुस्सा**

पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ लोगों का गुस्सा चरम पर पहुंच चुका है। इसी कड़ी में मुरादाबाद के एक बाल्मीकि संगठन भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने पाकिस्तान का पुतला फूंका। भावाधस के संरक्षक लल्ला बाबू द्रविड़ ने बताया कि इतना बड़ा हमला पहली बार देखा है जिसमें पर्यटकों को निशाना बनाया गया। उनका धर्म पूछकर गोली मार दी गई। इस से साफ जाहिर होता है कि ये पाकिस्तान की सोची समझी साजिश है। भारत को इस बात का जबाब जल्दी ही पाकिस्तान को देना होगा। मोदी जी से अपील है कि पाकिस्तान पर मिसाइल दाग देनी चाहिए। इससे ना पाकिस्तान रहेगा और ना ही आतंकवाद रहेगा। अगर केंद्र सरकार हमें बॉर्डर पर भेजती है तो हम अपने धर्म के युवाओं को देश की सेवा के लिए भेज देंगे,और सरकार से इसके लिए कोई पैसा भी नहीं लेंगे।

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के लोगों द्वारा पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकवाद मुदार्बाद के नारे भी लगाए गए। इस दौरान भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के संरक्षक लल्ला बाबू द्रविड़,कार्यकर्ता विशाल द्रविड़, विक्की बाबू, दिनेश द्रविड़, राहुल द्रविड़, अरविन्द, दिनेश व काफी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग शामिल रहे।

# मुरादाबाद चिल्ड्रन पार्क में जल्द शुरू होगा 7-डी मोशन थिएटर



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। नगर निगम द्वारा संचालित चिल्ड्रन पार्क अब न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का केंद्र बन गया है, बल्कि यह शहर का एक उभरता हुआ पर्यटन स्थल भी साबित हो रहा है। छह महीने पहले शुरू की गई ह्यभूल भुलैयाह्ल ने जहां मनोरंजन के नए मानक तय किए, वहीं इससे हो रही आय ने नगर निगम को गदगद कर दिया है। निगम को भूल भुलैया से एक दिन में रिकॉर्ड ?1,00,407 की आय भी हो चुकी है और प्रतिदिन औसतन ?50,000 की कमाई हो रही है।

लखनऊ के बाद मुरादाबाद ऐसा दूसरा शहर होगाइस सफलता से प्रेरित होकर नगर निगम अब चिल्ड्रन पार्क में एक और नई सौगात देने जा रहा है– 7-डी मोशन थिएटर। लखनऊ के बाद मुरादाबाद ऐसा दूसरा शहर होगा, जहां यह अत्याधुनिक थिएटर तैयार हो रहा है।

**क्या होगा खास?**

48 सीटें, हर एक आपकी हर हरकत के साथ जुड़ी हुई!
बारिश होगी? हाँ, आपकी पीठ पर बौछारें पड़ेंगी!
भूकंप आएगा? चेयर ऐसे हिलेगी कि दिल बैठ जाएगा!
बाढ़ आएगी? लगेगा जैसे पानी यहीं आ गया!
स्विमिंग, ड्राइविंग, ट्रेन की राइड? सब कुछ आप खुद महसूस करेंगे!
मूवी नहीं, ये है झटका मूवी
हर शो 12-13 मिनट का, लेकिन थ्रिल ऐसा कि साँसें थम जाएँ! हँसी भी आएगी, डर भी लगेगा, और जब मूवी रुकेगी तब लगेगा अरे! ये तो सपना था? लखनऊ के बाद मुरादाबाद अगला थ्रिलिंग स्टेशन नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कहा हमने देखा कि भूल भुलैया ने शहर को कितना उत्साहित किया। अब 7-डी थिएटर उस उत्साह को एक कदम और आगे ले जायेगा

**कार्यालय आचार्य, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, बडौत (बागपत)**

पत्रांक- 60/ स्था० /भण्डार-लेखा / वाहन निविदा पत्रा0/2025-26 दिनांकः 25-04-2025

**निविदा सूचना**

क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, बडौत (बागपत) पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों में वाताकारों एवं प्रतिभागियों को जनपद मेरठ एवं बागपत के विभिन्न विकास खण्डों व ग्राम पंचायतों में लाने व ले जाने हेतु 100 कि0मी0 व 150 कि०मी० तक की दूरी हेतु वातानुकूलित बस/कार किराये पर उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 25.04.2025 से 05.05.2025 की सांय 02.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। मोहरबन्द प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 05.05.2025 की अपरान्ह 02.30 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के नियम व शर्ते एवं धरोहर राशि की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

**आचार्य**
**क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान,**
**बडौत (बागपत)**

**कार्यालय - आचार्य, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, बड़ौत (बागपत)**

पत्रांक- 58/स्था०/प्रशि०/भोजन निविदा/2025-28 दिनांक- 24-04-2025

**निविदा सूचना**

क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, बडौत (बागपत) द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभागियों की भोजन व्यवस्था निर्धारित मीनू के अनुसार आपूर्ति करने हेतु पंजीकृत फर्मों के निविदा दाताओं से जेम पोर्टल पर दिनांक 24.04.2025 से 05.05.2025 के 03.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी बिड संख्या-GEM/2025/B/6167136 Dated 24-04-2025 है। निविदा के नियम व शर्ते जेम पोर्टल पर व कार्यालय से कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते है।

**(डा० अजीत कुमार)**
**आचार्य क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान,**
**बडौत (बागपत)**

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।